


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 230

ग्वालियर, मंगलवार 10 मई 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


## सीएम योगी का आदेश ज्यादा कोरोना केस वाले शहरों में मास्क को लेकर करें सख्ती

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को टीम 09 की बैठक में अधिकारियों को प्रदेश में कोविड टेस्ट की संख्या बढ़ाये जाने के निर्देश दिए। सीएम को बताया गया कि पिछले 48 घंटे में पूरे



प्रदेश में 305 नए केस की पुष्टि हुई, जिसमें गौतमबुद्ध नगर में 124, गाजियाबाद में 41, लखनऊ में 23, आगरा में 20 नए केस शामिल हैं। इसी अवधि 771 लोग स्वस्थ भी हुए। हमीरपुर और ललितपुर में भी दहाई अंक में नए केस की पुष्टि हुई है। सीएम ने कहा कि इनके कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग और ट्रैवल हिस्ट्री का आकलन भी किया जाए। जिन जिलों में केस अधिक मिल रहे हैं वहां सार्वजनिक स्थानों पर फेस मास्क लगाया जाना अनिवार्य कर दिया है। इसका प्रभावी अनुपालन कराया जाए। प्रदेश में अब तक कोविड टीके की 31 करोड़ 76 लाख डोज लगाई जा चुकी है। जबकि 11 करोड़ 21 लाख से अधिक कोविड टेस्ट भी किए जा चुके हैं। 18+ आयु की पूरी आबादी को टीके की कम से कम एक डोज लग चुकी है, जबकि 89त्न वयस्क लोगों को दोनों खुराक मिल चुकी है। 15 से 17 आयु वर्ग में 95.74त्न से अधिक किशोरों को पहली खुराक मिल चुकी है और 69.17त्न किशोरों को दोनों डोज लग चुकी है। 12 से 14 आयु वर्ग में 68त्न से अधिक बच्चे टीकाकवर पा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि बच्चों के टीकाकरण और वयस्कों के बूस्टर डोज लगाए जाने को और तेज किए जाने की जरूरत है।

# दिव्यांग को विमान में सवार होने से रोका, सिंधिया ने जताई नाराजगी

### नागरिक उड्डयन मंत्री खुद कर रहे हैं घटना की जांच

**नयी दिल्ली।** रांची हवाईअड्डे पर एक दिव्यांग बच्चे को विमान में सवार होने से रोकने को लेकर नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सख्त नाराजगी जताई है। श्री सिंधिया ने कहा कि ऐसे बर्ताव को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और किसी भी इंसान को ऐसी स्थिति से गुजरना नहीं पड़े। सिंधिया ने साथ ही कहा कि वह खुद घटना की जांच कर रहे हैं।

मालूम हो कि विमानन कंपनी इंडिगो ने दिव्यांग बच्चे को रांची हवाई अड्डे पर विमान में सवार होने से रोक दिया क्योंकि वह ''घबराया'' हुआ था। चूंकि लड़के को शनिवार को एअरलाइन की रांची-हैदराबाद उड़ान में चढ़ने से रोक दिया गया था, उसके माता-पिता ने भी उड़ान में सवार नहीं होने का फैसला किया।अन्य यात्रियों ने रविवार को सोशल मीडिया पर




इस घटना को लेकर पोस्ट किया, जिसके बाद शनिवार की यह घटना सामने आयी। इस घटना के संबंध में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट पर टिप्पणी करते हुए सिंधिया ने सोमवार को ट्वीट किया, ''ऐसे बर्ताव को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। किसी भी इंसान को ऐसी स्थिति से नहीं गुजरना पड़े। खुद मामले की जांच कर रहा हूं, जिसके बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।'' नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) प्रमुख अरुण कुमार ने कहा कि नियामक ने इस मामले पर इंडिगो से रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने बताया कि डीजीसीए इस घटना की जांच कर रहा है और वह उचित कार्रवाई करेगा। मनीषा गुप्ता नाम की एक यात्री ने लिंक्डइन पर इस घटना की विस्तार से जानकारी दी है। उसने कहा कि शनिवार को रांची हवाईअड्डे पर एक दिव्यांग किशोर को काफी असुविधा हुई। उसने कहा, ''हवाईअड्डे तक की यात्रा से हुई थकावट और फिर सुरक्षा जांच के तनाव से वह भूखा, प्यासा, बेचैन और भ्रमित हो गया। उसके माता-पिता जाहिर तौर पर जानते थे कि उसे कैसे संभालना है - धैये के साथ, गले लगाकर।''मनीषा गुप्ता ने बताया कि जब तक विमान में सवार होने की प्रक्रिया शुरू हुई तब तक बच्चे को खाना खिला दिया गया और उसकी दवाएं दे दी गयी। उन्होंने कहा, ''फिर हमने क्रूर ताकत का पूरा प्रदर्शन देखा। इंडिगो कर्मियों ने घोषणा की कि बच्चे को विमान में सवार होने नहीं दिया जाएगा क्योंकि उससे अन्य यात्रियों को खतरा है। इंडिगो के प्रबंधक ने भी 'इस तरह के बर्ताव और नशा किए यात्रियों पर कुछ कहा, जिससे वे यात्रा करने के योग्य नहीं होते।'' उन्होंने कहा कि अन्य यात्रियों ने दृढ़ता से इसका विरोध किया और उन्होंने मांग की कि बच्चे और उसके माता-पिता को जल्द से जल्द विमान में सवार होने दिया जाए। उन्होंने कहा कि कई यात्रियों ने इंडिगो के फैसले को नियम पुस्तिका में लिखे बयानों के आधार पर चुनौती दी। यात्री ने कहा, ''उन्होंने अपने मोबाइल फोन पर उच्चतम न्यायालय के फैसलों पर समाचार लेख और ट्वीटर पोस्ट दिखाए कि कोई भी एअरलाइन दिव्यांग यात्रियों के खिलाफ भेदभाव नहीं कर सकती। चिकित्सकों का एक दल भी इसी विमान में सवार था। उन्होंने बच्चे तथा उसके माता-पिता को बीच रास्ते में कोई दिक्कत होने पर पूरी सहायता देने की पेशकश की।''उन्होंने बताया कि इसपर भी, इंडिगो कर्मियों ने बच्चे को विमान में सवार होने से रोकने का अपना निर्णय नहीं बदला। घटना के बारे में पूछे जाने पर, इंडिगो ने कहा, ''यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए, एक दिव्यांग बच्चा सात मई को अपने परिवार के साथ उड़ान में सवार नहीं हो सका क्योंकि वह घबराया हुआ था।'' उसने कहा कि कर्मचारियों ने आखिरी समय तक उसके शांत होने का इंतजार किया लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ।

## गृहमंत्री अमित शाह का दो दिवसीय असम दौरा करेंगे कई परियोजनाओं का शुभारंभ

**गुवाहाटी।** असम सरकार के एक साल पूरे होने पर गृहमंत्री अमित शाह का दो दिवसीय असम दौरा आज से शुरू हो चुका है। इस दौरे के दौरान गृहमंत्री शाह आज जनगणना कार्यालय (सेंसस



ऑफिस ) का शुभारम्भ करेंगे। जिसे राज्य सरकार का बड़ा कदम बताया जा रहा है। इसी के साथ असम में सीएए और एनआरसी को लेकर भी हलचल तेज हो गई, जिसका असर आने वाले लोकसभा चुनाव में देखने को मिल सकता है। गौरतलब है की केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सोमवार और मंगलवार को अपने दो दिवसीय असम दौरे के लिए देर रात गुवाहाटी पहुंच गए हैं। इस दौरान वह भारत-बांग्लादेश सीमा पर जाएंगे, नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी का उद्घाटन करेंगे और असम में हिमंत बिस्वा सरमा सरकार के एक साल पूरा होने पर आयोजित रैली में शामिल होंगे। राजधानी गुवाहाटी से करीब पौने तीन सौ किलोमीटर दूर असम-बांग्लादेश बॉर्डर पर गृहमंत्री जाकर बीएसएफ के जवानों की हौसला अफजाई करेंगे और उनसे बातचीत करेंगे। दोपहर 2 बजे के करीब गृहमंत्री असम के तामूलपुर में सीमा सुरक्षा बल बीएसएफ के सेंट्रल वर्कशॉप व केंद्रीय भंडार का भूमिपूजन भी करेंगे। वहीं गृहमंत्री तामुलपुर में खादी एवं ग्रामीण उद्योग उत्पादों की शुरुआत भी करेंगे। सबसे महत्वपूर्ण गृहमंत्री अमित शाह गुवाहाटी से सटे अमीनगांव में जनगणना कार्यालय का उद्धघाटन करेंगे। गुवाहाटी में हिमंत बिस्वा सरमा सरकार के एक साल पूरा होने पर आयोजित समारोह में शामिल होंगे। गुवाहाटी के प्रसिद्ध खानपाड़ा मैदान में आयोजित इस रैली में गृहमंत्री अमित शाह सीएए या एनआरसी को लेकर क्या कुछ बोलते हैं इसपर सबकी निगाहें होगी।

## आसमान के लाल रंग ने चीनी लोगों में भर दिया खौफ

### प्रलय की आशंका से डरे चीन के लोग

**बीजिंग।** चीन में आसमान का रंग लाल हो जाने से लोगों में खौफ फैल गया। अचानक हुई इस घटना को लेकर लोग कई तरह की अटकलें लगाने लगे। ये लाल आसमान झाउशान शहर में देखने को मिला, जो कोरोना का कहर झेल रहे शंघाई के करीब ही है। इस घटना को लेकर कुछ



लोगों ने माना कि कोरोना कहर दिखाने वाला है और प्रकृति इसका संकेत दे रही है। छोटे बच्चों ने आसमान को लाल देख कर कहा कि उन्हें डर लग रहा है। कोहरे के साथ लाल आसमान को पूरे शहर में शनिवार को देखा गया। चीन में टिकटॉक की ही तरह के वीडियो प्लेटफॉर्म डॉयिन पर लोगों ने जब ये वीडियो शेयर किया तो तेजी से वायरल हो उठा। लोगों ने आशंका जताई कि ये कोरोना वायरस से जुड़ा एक अपशकुन हो सकता है। झाउशान के मौसम विज्ञान ब्यूरो ने इन अटकलों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस घटना में कुछ भी अलौकिक नहीं है। उन्होंने कहा कि कोहरा काफी ज्यादा था और बादल कम ऊंचाई पर थे। ये प्रकाश के अपवर्तन के कारण हुई घटना है। सरकारी मीडिया सीसीटीवी के मुताबिक एक स्थानीय मछली पकड़ने वाली कंपनी ने इस बात की पुष्टि की है कि प्रकाश का अपवर्तन उनकी मछली पकड़ने वाली नौकाओं से हुआ था।

## शाहीन बाग में अतिक्रमण हटाने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अर्जी



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में अवैध निर्माणों में अतिक्रमण के खिलाफ दिल्ली के जहांगीरपुरी से शुरू नगर निगम का बुलडोजर आज शाहीन बाग तक पहुंच गया। शाहीन बाग में आज सुबह भारी विरोध के बीच अतिक्रमण हटाने की कवायद शुरू की गई थी, लेकिन बुलडोजर चलाने की जरूरत नहीं पड़ी और बुलडोजर बिना चले ही वापस लौट गया। इस बीच, शाहीन बाग में अतिक्रमण हटाने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है, जिस पर दोपहर 2 बजे सुनवाई होनी है। अतिक्रमण हटाओ अभियान के लिए सोमवार को इलाके में भारी संख्या में पुलिस और पैरा मिलिट्री फोर्स के जवान मौके पर तैनात किया गया था। इस कार्रवाई की जानकारी मिलते ही स्थानीय विधायक और आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्लाह खान मौके पर पहुंचे इस कार्रवाई को गलत बताया। अमानतुल्लाह खान ने कहा कि मस्जिद के सामने एक शौचालय था, जिसे मैंने अपने पैसे से हटवाया। पूरी विधानसभा में जहां-जहां अतिक्रमण है, एमसीडी वाले मुझे बताएं, मैं खुद हटवा दूंगा। ये यहां आकर माहौल खराब कर रहे हैं, राजनीतिकरण किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, दक्षिणी दिल्ली नगर निगम (एसडीएमसी) की मांग पर दिल्ली पुलिस ने आज शाहीन बाग इलाके में एमसीडी को अतिक्रमण हटाने के लिए फोर्स प्रदान करने की बात कही थी। इससे पहले दक्षिणी निगम को अतिक्रमण पर कार्रवाई के लिए पुलिस फोर्स नहीं मिल पाई थी, इस वजह से बुलडोजर की कार्रवाई को 8 मई तक के लिए टाल दिया गया था।

## दाउद के करीबियों पर मुंबई के 20 स्थानों पर एनआईए की छापेमारी

**मुंबई।** महाराष्ट्र में कुख्यात दाउद गैंग के करीबयों पर एनआईए ने छापेमारी की है। सूत्रों ने कहा है कि एनआईए की टीम मुंबई और महाराष्ट्र में 20 ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। यह छापेमारी अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के कई सहयोगियों, शार्प शूटर्स और हवाला ऑपरेटरों पर मुंबई के नागपाड़ा, गोरेगाँव, बोरीवली, सांताक्रुज, मुंब्रा और भिंडी बाजार जैसे इलाकों में चल रही है। उन लोगों के दाउद की गैंग से काफी करीबी संबंध हैं। फरवरी में इस संबंध में एक मामला दर्ज किया गया था। उसी संबंध में एनआईए छापेमारी कर रही है। महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री नवाब मलिक फ़िलहाल जेल की सालों के पीछे हैं। उन्हें ईडी ने गिरफ्तार किया था। उनके खिलाफ अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम गैंग के सदस्यों से संबंध रखने और टेरर फंडिंग का आरोप जांच एजेंसी द्वारा लगाया गया है। बीजेपी के नेता अभी भी महाराष्ट्र के अन्य मंत्री अनिल परब की जल्द गिरफ्तारी का दावा करते हैं।

## खास खबर

### सोनाक्षी सिन्हा ने की सगाई पर फोटो में छिपाया अपने मंगेतर का चेहरा

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की गॉर्जियस डीवा सोनाक्षी ने सगाई ली है। उन्होंने ये जानकारी सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए फैंस को दी है। इस खबर ने फैंस को हैरान तो किया है, लेकिन फैंस काफी खुश हैं। सोनाक्षी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर तीन फोटोज शेयर करके यह खबर साझा की है। हालांकि अभी भी इस पर सस्पेंस बरकरार है, क्योंकि एक्ट्रेस ने अपने पार्टनर का चेहरा फोटोज में नहीं दिखाया है। सोनाक्षी फोटो में अपने डार्लिंग पार्टनर के कंधे पर प्यार से हाथ रखकर पोज देती हुई नजर आ रही हैं। वहीं, तीसरी तस्वीर में सोनाक्षी अपने पार्टनर का हाथ थामे हुए मुस्कुरा रही हैं। सोनाक्षी की मिलियन डॉलर स्माइल उनकी खुशी को जगजाहिर कर रही है। भले ही सोनाक्षी ने अपने पार्टनर के नाम का खुलासा नहीं किया है, लेकिन फिऑन्से संग सोनाक्षी के रोमांटिक पोज दोनों के रिश्ते की गहराई को बखूबी बयां कर रहे हैं। सोनाक्षी ने फैंस संग ये गुड न्यूज शेयर करते हुए कैप्शन में अपनी खुशी और एक्साइटमेंट भी जाहिर की है। सोनाक्षी ने सभी फोटोज एक ही कैप्शन के साथ शेयर किए हैं। एक्ट्रेस ने लिखा- मेरे लिए ये बड़ा दिन है। मेरे सबसे बड़े सपनों में से एक सपना सच होने जा रहा है और इसे आपके साथ शेयर करने का मैं इंतजार नहीं कर सकती हूं।

### हिमाचल में फिर सरकार बनाएंगे : संबित पात्रा

**शिमला।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने दावा किया है कि राज्य में भारत सरकार बनी रहेगी। पात्रा ने कहा कि इस साल के अंत में दिसंबर में होने वाले विधानसभा चुनावों में बड़ी भाजपा को ही जीत मिलेगी और ऐसे में उसकी सरकार बनी रहेगी। पात्रा ने भाजपा की राज्य मीडिया कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा, ''हिमाचल प्रदेश में हम निश्चित रूप से फिर से सरकार बनाएंगे क्योंकि राज्य में माहौल जयराम ठाकुर सरकार के पक्ष में है।''उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस भाजपा कार्यकर्ताओं को मिल रहे समर्थन से डरी हुई है और उसे समझ नहीं आ रहा है कि किस प्रकार से इन हालातों का सामना करे। पात्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा राज्य में भाजपा की जीत को लेकर आश्वस्त हैं।

### नवजोत सिद्धू का स्टारडम और प्रशांत किशोर की रणनीति

**नई दिल्ली।** बीते 10 सालों में पीएम नरेंद्र मोदी, नीतीश कुमार, कैप्टन अमरिंदर सिंह समेत कई दिग्गज नेताओं और राजनीतिक दलों के लिए रणनीति बना चुके प्रशांत किशोर अब नेता के अवतार में उतरने की तैयारी में हैं। वहीं क्रिकेटर, कॉमेडियन से नेता बने नवजोत सिंह सिद्धू कांग्रेस में किनारे लगे हुए हैं और अपनी भूमिका की तलाश में हैं। इन दोनों का जिक्र यहां एक साथ हम इसलिए कर रहे हैं क्योंकि दोनों ही नई पारी खेलने जा रहे हैं और इनके साथ आने के कयास भी लग रहे हैं। दरअसल बीते दिनों जब प्रशांत किशोर के कांग्रेस के साथ न जाने की खबर आई तो उसी दिन पार्टी में कार्रवाई का सामना कर रहे नवजोत सिंह सिद्धू ने उनके साथ अपनी एक तस्वीर साझा की थी। ऐसे में माना जा रहा है कि दोनों नेता साथ आ सकते हैं। जन सुराज का नारा देते हुए प्रशांत किशोर ने गांधी जयंती के मौके पर चंपारण से 3,000 किलोमीटर की पद यात्रा पर निकलने का ऐलान किया है। उनके ऐलान से माना जा रहा है कि वह बिहार में कुछ मुद्दों की तलाश करने के बाद राजनीतिक दल का ऐलान कर सकते हैं। नवजोत सिंह सिद्धू के साथ आने की चर्चाओं को लेकर यह भी कहा जा रहा है कि वह बिहार में कैसे प्रभावशाली हो सकते हैं।

# गृह युद्ध कराना चाहते हैं इमरान !: शहबाज शरीफ

### पीएम ने कानूनी कार्रवाई की दी चेतावनी

**इस्लामाबाद।** पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर आवाम को गृह युद्ध के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है। शहबाज शरीफ ने इमरान खान के ऐब्टाबाद में दिए गए भाषण को 'पाकिस्तान के विरुद्ध साजिश' करार दिया है।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की 22 करोड़ आवाम, संविधान और संस्थाएं किसी एक अहंकारी व्यक्ति की गुलाम नहीं हैं। इमरान नियाजी आवाम को गुलाम बनाना चाहते हैं, लेकिन हम उन्हें पाकिस्तान का हिटलर नहीं बनने देंगे।'पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने कहा कि इमरान खान ने बहुत झूठ बोले हैं, अब सच का सामना करने का वक्त है। देश की संस्थाओं के खिलाफ जो मनगढ़ंत



धारणाएं बना रहे हैं, वही असली मीर जाफर और मीर सादिक हैं। जानकारी के मुताबिक शहबाज शरीफ ने इमरान खान को वर्तमान समय का मीर जाफर और मीर सादिक बताया, जो पाकिस्तान को लीबिया और इराक जैसा बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि इमरान नियाजी उसी हाथ को काटना चाहते हैं, जिसने उन्हें पाला है। ऐब्टाबाद में इमरान के भाषण का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री शरीफ ने कहा, 'आज पाकिस्तान, संविधान और देश की संस्थाओं को चुनौती दी गई। इसलिए पीटीआई चेयरमैन के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।'शहबाज शरीफ ने कहा कि इमरान खान राजनीतिक षडयंत्र नहीं कर रहे, बल्कि पाकिस्तान के खिलाफ साजिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'किसी एक व्यक्ति के अहंकार और झूठ के लिए पाकिस्तान की बलि नहीं चढ़ाई जा सकती। पहले इमरान नियाजी ने पाकिस्तान की अर्थव्यस्था को डुबोने की साजिश की, अब वह देश में गृह युद्ध कराना चाहते हैं। हमारी सरकार इमरान के मंसूबों को कुचल देगी।'

## चक्रवाती तूफान 'असानी' दिखाएगा असर अलर्ट पर ओडिशा, पश्चिम बंगाल दिल्ली में बढ़ेगी गर्मी

**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत में सोमवार से फिर गर्मी बढ़ने के आसार हैं। इस बात की जानकारी भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने दी है। विभाग ने बताया कि देश के इन हिस्सों में 9 मई से हीटवेव का नया दौर शुरू हो रहा है। साथ ही बंगाल की खाड़ी के दक्षिण पूर्व में गहरे दबाव का क्षेत्र



रविवार को चक्रवाती तूफान असानी में बदल गया है। जिसके चलते 10 मई से 12 मई के बीच कुछ राज्यों में भारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग का कहना है कि दिल्ली में 9 मई से दोबारा लू चलने का अनुमान है। वहीं, विभाग ने आगामी चार दिनों तक राजस्थान के बांसवाडा, डूंगरपुर, धौलपुर, झुंझुनूं, टोंक, करौली, सवाईमाधोपुर, बीकानेर, बाडमेर, जैसलमेर, जोधपुर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ, चूरू में लू चलने की संभावना जताई है। अगले तीन दिनों के दौरान उत्तर पश्चिम भारत में अधिकतम तापमान के 2-3 डिग्री सेल्सियस बढ़ने के आसार हैं। विभाग के अनुसार, उत्तर मध्य महाराष्ट्र में 8 और 9 मई, विदर्भ और पश्चिम मध्य प्रदेश में 9 से 12 मई और दक्षिण हरियाणा-दिल्ली और दक्षिण पंजाब में 10-12 मई के दौरान हीट वेव की स्थिति तैयार हो सकती है। बंगाल की दक्षिण-पूर्वी खाड़ी के ऊपर बना चक्रवात %असानी% रविवार शाम को अधिक तीव्र होकर एक भीषण चक्रवाती तूफान में बदल गया, क्योंकि यह उत्तर आंध्र प्रदेश-ओडिशा तटों की दिशा में उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ गया था। मौसम विभाग ने कहा, मंगलवार को %असानी% के उत्तर आंध्र-ओडिशा तटों से पश्चिम-मध्य और उससे सटे उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में पहुंचने पर, उत्तर-पूर्व की ओर मुड़ने और ओडिशा तट से उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी की ओर बढ़ने की संभावना है। मौसम विभाग ने असानी की गति और तीव्रता के अपने पूर्वानुमान में कहा, इसके बाद गंभीर चक्रवाती तूफान के बुधवार को भयानक चक्रवाती तूफान में बदलने और गुरुवार तक गहरे दबाव में बदलने की संभावना है। यह कहते हुए कि यह प्रणाली ओडिशा या आंध्र प्रदेश में नहीं आएगी, आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि चक्रवात पूर्वी तट के समानांतर चलेगा। और मंगलवार शाम से बारिश होने का कारण बनेगा। ओडिशा के विशेष राहत आयुक्त (एसआरसी) पीके जेना ने कहा कि राज्य सरकार ने बचाव अभियान के लिए पर्याप्त व्यवस्था की है।

## तुर्की शरणार्थियों को वापस भेजेगी सीरिया

### राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोगन ने किया बडा ऐलान

**अंकारा।** तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोगन ने कहा कि उनकी सरकार 10 लाख सीरियाई शरणार्थियों को वापस भेजने वाली है। एर्दोगन ने अपनी पिछली नीति को पलटते हुए बड़ा ऐलान किया है। एर्दोगन ने दावा किया कि लगभग 5 लाख सीरियाई पहले ही सीरिया में सुरक्षित क्षेत्रों में लौट चुके हैं। शरणार्थियों की स्वैच्छिक और सम्मानजनक वापसी के लिए एक परियोजना पर काम चल रहा है।



हालांकि, संयुक्त राष्ट्र ने यह आंकड़ा 13 लाख रखा है। तुर्की में वर्तमान में दुनिया में सबसे ज्यादा शरणार्थी रह रहे हैं। यहां अब तक सीरिया से आए लगभग 37 लाख लोगों को शरण देते हुए अस्थायी सुरक्षा का दर्जा दिया गया। वहीं, अफगानिस्तान, इराक और अन्य देशों से आए करीब 4 लाख से अधिक शरणार्थी यहां रह रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में देश में शरणार्थियों की संख्या तेजी से बढ़ी है। ऐसे में तुर्की के विपक्षी दल शिकायत कर रहे हैं कि शरणार्थियों की आमद तुर्की समाज की संरचना और संस्कृति के लिए खतरा है। विपक्षी दलों की मांग है कि उन्हें उनके मुल्क वापस भेज दिया जाना चाहिए। एर्दोगन अपने विरोधियों पर शरणार्थियों के लिए अमानवीयता और असंवेदनशीलता दिखाने का आरोप लगाते रहे हैं। जनमत सर्वेक्षणों की एक श्रृंखला से पता चला है कि तुर्की के 85 प्रतिशत लोगों को लाखों शरणार्थियों की मेजबानी करने पर कड़ी आपत्ति है। एर्दोगन ने सीरिया के इदलिब क्षेत्र में शरणार्थियों के लिए 57,000 ईट के घरों के निर्माण का आदेश दिया है। यहां से 50,000 परिवार विस्थापित हो गए थे। 3 मई को इदलिब में नए घरों के उद्घाटन समारोह में दिखाए गए एक वीडियो संदेश में एर्दोगन ने कहा, ÷हमने उत्पीड़ितों के जीवन और सम्मान को बचाने के लिए न केवल अपने दरवाजे खोले, बल्कि हमने उनके लिए नया घर बनाया और बना रहे हैं।

# बेंगलुरु ने सनराइज हैदराबाद को 67 रन से हराया



**मुम्बई।** आईपीएल 20 -20 क्रिकेट टूर्नामेंट के 54वें मैच में रॉयल चैलेंजर बेंगलूरु ने सनराइजर्स हैदराबाद को 67 रन से हरा दिया है। हैदराबाद के लिए सबसे ज्यादा रन राहुल त्रिपाठी ने बनाए। उनके बल्ले से 37 गेंद में 58 रन निकले। राहुल के अलावा और कोई भी बल्लेबाज हैदराबाद के लिए अच्छी बल्लेबाजी नहीं कर पाया।

बेंगलुरु के लिए वानिंदु हसरंगा ने कमाल की गेंदबाजी की और 4 ओवर में सिर्फ 18 रन देकर 5 विकेट अपने नाम किए। हसरंगा ने एक ओवर मेडन भी डाला और पूरी सनराईज हैदराबाद टीम की कमर तोड़ कर रख दी। जोस हेजलवुड ने भी रॉयल चैलेंजर बेंगलूरु रायल्स के लिए शानदार गेंदबाजी की और 3 ओवर में सिर्फ 10 रन देकर दो विकेट अपने नाम किए। इस जीत के साथ बेंगलुरु के 14 अंक हो गए हैं और प्ले-ऑफ में पहुंचना उनके लिए और आसान हो गया है। वहीं, सनराइजर्स हैदराबाद के इस हार के बाद सिर्फ 10 अंक हैं। अब उन्हें प्ले ऑफ में पहुंचने के लिए आने वाले अपने तीन मुकाबलों में जीत दर्ज करनी होगी और नेट रन रेट को भी बेहतर करना होगा। हैदराबाद की पारी की पहली ही गेंद पर कप्तान केन विलियमसन रन आउट हो गए। शाहबाज अहमद ने कवर प्वाइंट से शानदार थ्रो किया और गेंद जाकर विकेट पर लगी। इससे पहले रॉयल चैलेंजर बेंगलूरु की पारी में भी कोहली का विकेट पहली गेंद पर गिरा था। वहीं, पहले ओवर की पांचवीं गेंद पर ग्लेन मैक्सवेल ने अभिषेक शर्मा को क्लीन बोल्ड कर दिया। इन दोनों के आउट होने के बाद मार्करम भी ज्यादा बड़ी पारी नहीं खेल पाए और 27 गेंद में 21 रन बनाकर आउट हो गए। बेंगलुरु के लिए सबसे ज्यादा रन कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने बनाए। उन्होंने 50 गेंद में 73 रन की पारी खेली। वहीं, रजत पाटीदार के बल्ले से 48 रन और मैक्सवेल ने 24 गेंद में 33 रन बनाए। आखिरी ओवरों में दिनेश कार्तिक का बल्ला भी खूब बोला और उन्होंने सिर्फ 8 गेंद में 30 रन बना दिए। 20वें ओवर में तो दिनेश ने 3 छक्का और 1 चौका लगाया। लास्ट के पांच ओवर में रॉयल चैलेंजर बेंगलूरु के बल्लेबाजों ने 67 रन बना दिए। 8हैदराबाद के लिए सबसे ज्यादा विकेट जे सुचित ने लिए। उन्होंने 4 ओवर में 30 रन दिए और 2 बल्लेबाजों को आउट किया। मैच की पहली ही गेंद पर विराट कोहली गोल्डन डक पर आउट हो गए। जे सुचित ने उन्हें पैरों पर फुलर लेंथ की गेंद डाली जिसे विराट फ्लिक करने गए और गेंद सीधे विलियमसन के हाथों में चली गई। इस सीजन विराट तीसरी बार जीरो पर आउट हुए हैं। हैदराबाद के खिलाफ पहले मुकाबले में भी विराट अपना खाता नहीं खोल पाए थे। वहीं, लखनऊ के खिलाफ मैच में विराट गोल्डन डक पर आउट हो गए थे।विराट कोहली के आउट होने के बाद बेंगलुरु के कप्तान फाफ डु प्लेसिस और रजत पाटीदार के बीच तीसरे विकेट के लिए 73 गेंद में 105 रन की साझेदारी हुई।

## विराट तीसरी बार गोल्डन डक हुए



**मुम्बई।** रॉयल चैलैंजर्स बेंगलूर (आरसीबी) के पूर्व कप्तान विराट कोहली खराब फार्म से उबर नहीं पा रहे हैं। विराट यहां सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हुए आईपीएल के 54वें मुकाबले में (गोल्डन डक हुए) पहली ही गेंद पर पवेलियन लौटे। 15 वे सत्र में यह तीसरी बार है जब विराट पहली ही गेंद पर आउट हुए हैं। कोहली स्पिन गेंदबाज जगदीश सुचित की मैच के पहले ओवर की पहली ही गेंद पर ही शॉट लगाने के प्रयास में कैच आउट हो गये। विराट का यह कैच सनराइजर्स के कप्तान केन विलियमसन ने पकड़ा।

इस प्रकार आईपीएल में देखा जाये तो विराट ने कुल मिला कर छठी बार पहली ही गेंद पर अपना विकेट गंवाया है। पहली बार साल 2008 में उन्हें आशीष नेहरा ने मैच की पहली ही गेंद पर आउट किया था। तब नेहरा मुंबई इंडियंस की ओर से खेल रहे थे। साल 2014 में पंजाब किंग्स के गेंदबाज संदीप शर्मा ने जबकि 2017 में कोलकाता नाइटराइडर्स के तेज गेंदबाज नाथन कूल्टर नाइल ने उन्हें पहली ही गेंद पर आउट किया था। वहीं इस सत्र में इससे पहले लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज दुष्मंथा चमीरा और सनराइजर्स के तेज गेंदबरज मार्को यानेसन ने उन्हें पहली ही गेंद पर अपना शिकार बनाया था।

## न्यूज़ ट्रैक....

### आईपीए के बचे हुए मैच जीतना चाहते हैं : सैम्स

**नवी मुंबई।** मुंबई इंडियन्स के तेज गेंदबाज डेनियल सैम्स अपने आईपीएल अभियान का अच्छा समापन करना चाहते हैं। आईपीएल में अपनी टीम को लगातार दो मैच जिताने वाले सैम्स ने कहा कि प्लेऑफ से बाहर होने के बाद भी उनकी टीम इस टूर्नामेंट के बाकी बचे हुए मैचों में अच्छा प्रदर्शन करने के इराद से उतरेगी। मुंबई की टीम अब तक आठ हार और दो जीत के साथ ही अंक तालिका में सबसे निचले पायदान पर खिसक गयी है। सैम्स ने कहा, ' यह तय है कि हम प्लेऑफ में नहीं जाएंगे पर हम टूर्नामेंट के बाकी बचे हुए मैचों को ऐसे खेलना चाहते हैं जैसे किसी 'मिनी आईपीएल के लिए खेल रहे हों। सैम्स ने कहा, 'आखिरी छह में से हम दो मैच खेल चुके हैं। इस साल अब हम प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर हैं पर हम अगले साल की तैयारी तो कर ही सकते हैं। उन्होंने कहा, 'हमें अब बेहतर प्रदर्शन कर बाकी बचे हुए मैचों को जीतना है जिसको लेकर हम प्रेरित हैं। हम आईपीएल को सकारात्मक तरीके से समाप्त करना चाहते हैं। हम अपनी टीम को आने वाले समय में एक बार फिर बेहतर साबित करेंगे। गौरतलब है कि आईपीएल का यह 15 वां सत्र पांच बार की विजेता मुम्बई के लिए अच्छा नहीं रहा ओर वह अंकतालिका में सबसे निचले स्थान पर है। टीम की बल्लेबाजी ओर गेंदबाजी उम्मीद के अनुरुप नहीं रही यहां तक की कप्तान रोहित शर्मा भी रन नहीं बना पाये।

### अब फ्रेंच ओपन में बेहतर प्रदर्शन का प्रयास करेंगे नडाल

**मैड्रिड।** स्पेन के टेनिस स्टार राफेल नडाल मैड्रिड ओपन में मिली हार से निराश नहीं हैं। नडाल का लक्ष्य अब 22 मई से शुरू होने वाले फ्रेंच ओपन में जीत दर्ज करने पर लगा है। मैड्रिड ओपन में नडाल को क्वार्टरफाइनल में कार्लोस अल्कारेज से हार का सामना करना पड़ा था। नडाल ने हार के बाद कहा, 'मैं इस हार से परेशान नहीं हूं। मुझे पता है कि मुझे किस तरीके से अभ्यास करना है जिससे मैं आने वाले समय में पेरिस में होने वाले फ्रेंच ओपन में अच्छा प्रदर्शन कर सकूं। मैं इसी पर काम कर रहा हूं।% नडाल चोट से उबरने के छह सप्ताह के बाद ही मैड्रिड ओपन में खेलने उतरे थे हालांकि उनका मानना है कि अगर वह मैड्रिड में नहीं खेलते तो यह अच्छा रहता। इससे उन्हें बेहतर तरीके से चोट से उबरने में सहायता मिलती।

### दिल्ली कैपिटल्स का नेट गेंदबाज निकला कोरोना संक्रमित

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अब दिल्ली कैपिटल्स का एक नेट कोरोना संक्रमित पाया गया है। ऐसे में अब दिल्ली के खिलाड़ियों की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। सीएसके टीम के के खिलाफ रविवार को मैच से कुछ घंटे पहले एक नेट गेंदबाज का परीक्षण पॉजिटिव पाया गया। इसके बाद कैपिटल्स के सभी खिलाड़ियों को कमरों में ही रहने के लिए कहा गया है। यह आईपीएल में दूसरा अवसर है जब दिल्ली की टीम को अलग-थलग रहना पड़ रहा है। इससे पहले फिजियो पैट्रिक फरहार्ट, ऑलराउंडर मिशेल मार्श, विकेटकीपर-बल्लेबाज टिम सीफर्ट तथा सहयोगी स्टॉफ के तीन अन्य सदस्य भी परीक्षण में संक्रमित पाये गये थे। इस कारण दिल्ली के पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैचों को पुणे के जगह मुंबई में ही आयोजित किया गया था। गौरतलब है कि आईपीएल 'प्रोटोकॉल के अनुसार दिल्ली कैपिटल्स के खिलाड़ियों और अन्य सदस्यों को अब दूसरे दौर की जांच से भी गुजरना होगा।



मैड्रिड में एटीपी मास्टर्स टेनिस में सर्बिया के नोवाका जोकोविच स्पेन के कार्लोस आल्कारेज को जीत पर बधाई देते हुए।

# विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के पहले चक्र में तेज गेंदबाजों पर हावी रहे स्पिनर

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के साल 2023 के पहले चक्र में तेज गेंदबाजों से स्पिनरों का प्रदर्शन बेहतर रहा है। इस बार डब्ल्यूटीसी 2023 चक्र में अब तक के शीर्ष पांच गेंदबाजों में से चार स्पिनर हैं। इसमें न्यूजीलैंड के लेफ्ट आर्म स्पिनर एजाज पटेल , पाकिस्तान के ऑफ ब्रेक स्पिनर साजिद खान ओर वेस्टइंडीज के केशव महाराज भी शामिल हैं। एजाज ने भारत दौरे में 10 विकेट लिए थे। वहीं इन गेंदबाजों में पाकिस्तान के ऑफ ब्रेक स्पिनर साजिद खान का 8 विकेट और दक्षिण अफ्रीकी लेफ्ट आर्म स्पिनर केशव महाराज के 7-7 विकेटों के दो आकर्षक स्पैल शामिल हैं। वहीं पाकिस्तानी ऑफ स्पिनर साजिद ने ढाका के शेर-ए-बंगला स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के आखिरी दिन 8 दिसंबर को पहली पारी में 8 विकेट लिए थे। उनके इस शानदार प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान ने यह मैच पारी और 8 रन से जीत लिया था। इसके अलावा केशव ने हाल ही में मार्च-अप्रैल में घर पर बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के दोनों मैचों में शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन से टीम को बड़ी जीत दिलाई थी। उन्होंने पहले मैच की दूसरी पारी में 32 रन देकर 7 विकेट लिए थे और दक्षिण अफ्रीका ने यह मैच 220 रन से जीत लिया था।

## व्यापारन्यूज

### डॉलर के मुकाबले रुपया 52 पैसे टूटकर खुला

**मुंबइ।** विदेशी कोषों की बिकवाली जारी रहने और विदेशी बाजारों में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती के चलते रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 52 पैसे की गिरावट के साथ सर्वकालिक निचले स्तर 77.42 पर आ गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 77.17 पर खुला और फिर गिरावट दर्ज करते हुए 77.42 पर आ गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 52 पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 55 पैसे की गिरावट के साथ 76.90 पर बंद हुआ था। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि मुद्रास्फीति को लेकर बढ़ी चिंताओं के कारण निवेशक जोखिम नहीं लेना चाहते हैं। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.35 प्रतिशत की बढ़त के साथ 104.02 पर पहुंच गया।

### सीएनजी और पीएनजी की फिर बढ़ सकती है कीमत

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड का अनुमान है कि अक्टूबर में देश में प्राकृतिक गैस के दाम फिर बढ़ सकते हैं। वैश्विक स्तर पर ऊर्जा कीमतों में वृद्धि का लाभ कंपनी के गैस अन्वेषण व्यवसाय को मिल रहा है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने निवेशकों के साथ चर्चा में कहा कि केजी-डी6 ब्लॉक से निकलने वाली गैस की बिक्री के लिए मूल्य सीमा मौजूदा 9.92 डॉलर प्रति दस लाख ब्रिटिश थर्मल यूनिट से अधिक हो सकती है। बता दें कि सीएनजी और पीएनजी दोनों ही प्राकृतिक गैस में आती हैं।सरकार हर छह महीने में अंतरराष्ट्रीय कीमतों के आधार पर गैस के दाम तय करती है। पुराने या नियमित क्षेत्र से निकलने वाली गैस के दाम एक अप्रैल से दोगुने होकर 6.1 डॉलर एमएमबीटीयू हो गए हैं। वहीं, गहरे समुद्र में स्थित मुश्किल तेल क्षेत्रों से निकलने वाली गैस के लिए यह दर 9.92 डॉलर एमएमबीटीयू है। गैस की दरों में अगला बदलाव अब अक्टूबर में होने वाला है। मौजूदा अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में ऐसा अनुमान जताया जा रहा है कि सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस कंपनी ओएनजीसी के क्षेत्रों से मिलने वाली गैस के दाम बढ़कर नौ डॉलर एमएमबीटीयू होंगे। जबकि मुश्किल तेल क्षेत्रों के लिए ये दहाई अंकों में पहुंच जाएंगे।

### पूनावाला ने मस्क को ट्विटर खरीदने के बजाय भारत में निवेश की सलाह दी

**नई दिल्ली।** एलन मस्क द्वारा ट्विटर का सौदा कोई महंगा बता रहा है तो कोई गैरजरूरी। अब सीरम इंस्टीटयूट के सीईओ अदार पूनावाला ने इस मामले में मस्क को ट्वीट किया है। पूनावाला ने लिखा है कि हाय मस्क, अगर आपने अभी ट्विटर की खरीदारी पूरी नहीं की हो तो कुछ पूंजी भारत में टेस्ला कारों के हाई क्वालिटी लार्ज स्केल मैन्युफैक्चरिंग के लिए निवेश करिए। मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि यह आपके द्वारा किया गया अब तक का सबसे बेस्ट इंवेस्टमेंट होगा। पिछले महीने ही मस्क ने ?टिवटर को 44 बिलियन डॉलर (लगभग 3368 अरब रुपए) में खरीदने का ऐलान किया था। ट्विटर के बोर्ड ने एक साथ मिल कर एलन मस्क के ऑफर को स्वीकार किया था। ये डील इसी साल पूरी कर ली जाएगी। डील पूरी होने के बाद दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क होंगे। मस्क ने अप्रैल की शुरुआत में कंपनी की 9.2 फीसदी स्टेक खरीद लिए थे।

# शेयर बाजार में बड़ी गिरावट, सेंसेक्स 700 अंक टूटा



### सेंसेक्स 54,074 और निफ्टी 16,184 के स्तर पर

**मुंबई।** वैश्विक बाजारों में गिरावट और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसे बड़े शेयरों में गिरावट के बाद सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को सेंसेक्स और निफ्टी में बड़ी गिरावट आई और शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 713 अंक से अधिक टूट गया। विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी और कच्चे तेल की कीमतें ऊंची बनी रहने से भी धारणा प्रभावित हुई। सेंसेक्स कारोबार की शुरुआत में 761 अंकों की बड़ी गिरावट के साथ 54,074 पर खुला और ट्रेडिंग की शुरुआत हुई। इसी तरह निफ्टी ने भी 220 अंकों के नुकसान के साथ 16,184 पर खुलकर कारोबार शुरू किया। निवेशकों में मुनाफावसूली हावी रही और बाजार लगातार बिकवाली की तरफ बढ़ता गया। निवेशकों ने शुरुआती कारोबार में ही एक्सिस बैंक, टाटा स्टील, मारुति, बजाज टिवंस, रिलायंस, एचडीएफसी, आईसीआईसीआई बैंक और एमएंडएम के शेयरों में बिकवाली शुरू कर दी। बड़ी गिरावट के साथ ये स्टॉक्स टॉप लूजर्स की लिस्ट में शामिल हो गए। इन स्टॉक्स में 4 फीसदी तक जबरदस्त गिरावट आई। इसके अलावा पावर ग्रिड के शेयरों ने एक फीसदी की बढ़त दर्ज की और अकेला गेनर स्टॉक बना। बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप पर भी सोमवार के शुरुआती कारोबार में 0।83 फीसदी का नुकसान दिख रहा है। पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को बीएई मिडकैप 1।83 फीसदी और स्मॉलकैप 2।5 फीसदी के नुकसान पर बंद हुआ था।

# महिंद्रा की नई स्कॉर्पियो एसयूवी का कोडनेम होगा झेड 101

### कंपनी ने नए टीजर के लिए अमिताभ बच्चन से किया करार

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड सुपरस्टार अमिताभ बच्चन से महिंद्रा कंपनी ने नई जनरेशन की स्कॉर्पियो एसयूवी के नए टीज़र के लिए करार किया है। टीजर वीडियो में उनकी आवाज दी गई है। महिंद्रा ने अपनी अपकमिंग एसयूवी का ऑफिशियल टीजर जारी कर दिया है। हालांकि कंपनी ने मॉडल के नाम की पुष्टि नहीं की है, लेकिन संभावना है कि यह नई 2022 स्कॉर्पियो होगी, जिसका कोडनेम झेड101 होगा। महिंद्रा ने बताया कि नई एसयूवी (कोडनेम झेड101) को मुंबई में महिंद्रा इंडिया डिजाइन स्टूडियो की ओर से डिजाइन किया गया है। इसका प्रोडक्शन चेन्नई के पास महिंद्रा रिसर्च वैली की स्टेट ऑफ द आर्ट फैसिलिटी में किया जा रहा है। नई स्कॉर्पियो बाहर की तरफ पूरी तरह नई होगी। टीज़र में नई एसयूवी में सिक्वेंशियल टर्न इंडीकेटर्स के साथ ड्यूल चैंबर एलईडी हैडलैंप को देखा जा सकता है। बारीकी से देखने पर टीज़र में नए सी-साइज के एलईडी डीआरएल और एलईडी फॉग लैंप को भी देख सकते हैं। इसके अलावा एसयूवी की समग्र प्रोफ़ाइल कमोबेश एक जैसी रहने की उम्मीद है।


# शाओमी ने ईडी पर लगाए वरिष्ठ अधिकारियों को धमकाने के आरोप



**नई दिल्ली।** चीन की स्मार्टफोन बनाने वाली कंपनी शाओमी कॉर्प ने जांच एजेंसी एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट (ईडी) पर गंभीर आरोप लगाया है। कंपनी ने पिछले दिनों वित्तीय अपराध के मामले में पूछताछ के दौरान उनके वरिष्ठ अधिकारियों को धमकाने के साथ जबरदस्ती और शारीरिक हिंसा का आरोप लगाया है। चीन की कंपनी के अधिकारियों ने 4 मई को इस संबंध में कोर्ट में शिकायत दर्ज कराई है। रॉयटर्स ने कोर्ट में फाइल किए गए दस्तावेजों के आधार पर यह जानकारी दी है। कोर्ट में सौंपे गए दस्तावेज में कहा गया है कि ईडी के अधिकारियों ने शाओमी कॉर्प के भारत में पूर्व मैनेजिंग डायरेक्टर मनु कुमार जैन, मौजूदा चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर समीर बीएस राव और उनके परिवारों को गंभीर परिणाम की चेतावनी दी गई है। साथ ही कहा गया है कि अगर उन्होंने जांच एजेंसी की इच्छानुसार बयान नहीं दिया, तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। हालांकि ईडी ने इस मामले को सब ज्यूडिश बताते हुए कोई टिप्पणी करने से इनकार किया है। पिछले हफ्ते ही भारतीय एजेंसी ने शाओमी कॉर्प की भारतीय इकाई शाओमी टेक्नोलॉजी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के बैंक अकाउंट में पड़े 5,551 करोड़ रुपए जब्त कर लिए थे। एजेंसी ने उस समय कहा था कि कंपनी ने रॉयल्टी की आड़ में अवैध विदेशी भुगतान किया है।

# हाइब्रिड वाहनों पर कर कम कर देश में ईवी स्वीकार्यता को तेजी से बढ़ाया जा सकता है: होंडा

### हाइब्रिड प्रौद्योगिकी भारतीय परिस्थितियों के लिए उपयुक्त है, क्योंकि यह बाहरी चार्जिंग ढांचे पर निर्भर नहीं



**नई दिल्ली।** होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड (एचसीआईएल) के उपाध्यक्ष (विपणन एवं बिक्री) कुणाल बहल ने कहा कि हाइब्रिड वाहनों पर कर की दर कम कर देश में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की स्वीकार्यता को तेजी से बढ़ाया जा सकता है। हाइब्रिड प्रौद्योगिकी वर्तमान में भारतीय परिस्थितियों के लिए सबसे उपयुक्त है, क्योंकि यह बाहरी चार्जिंग ढांचे पर निर्भर नहीं है। देश में हाइब्रिड वाहनों पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सहित कुल कर का बोझ 43 प्रतिशत बैठता है। वहीं बैटरी वाले इलेक्ट्रिक वाहनों पर पांच प्रतिशत कर लगता है। बहल ने कहा ?कि करों में एक बड़ा अंतर है। ऐसे में यदि सरकार हमें समर्थन देते हुए हाइब्रिड वाहनों पर कर कम करती है, तो यह एक स्वागतयोग्य कदम होगा। हम सरकार से ऐसा करने का अनुरोध करते हैं। हमें विश्वास है कि अगर वे इसे कम कर सकते हैं, तो इलेक्ट्रिक वाहनों की स्वीकार्यता तेजी से बढ़ेगी। हाइब्रिड वाहन पूर्ण रूप से बिजलीचालित वाहनों की ओर बदलाव में मदद कर सकते हैं। साथ ही इनसे वाहनों से उत्सर्जन और जीवाश्म ईंधन की खपत को कम करने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार उत्सर्जन के स्तर को कम करना चाहती है, हम वास्तव में इसका सम्मान करते हैं। साथ ही वे ईंधन की खपत को भी कम करना चाहते हैं। इन दोनों लक्ष्यों को हाइब्रिड वाहनों से हासिल किया जा सकता है। बहल ने कहा कि होंडा का मानना है कि हाइब्रिड देश के लिए सबसे अच्छा समाधान है, क्योंकि खरीदारों के लिए रेंज का कोई मुद्दा नहीं रहेगा और इस तरह के वाहनों के प्रदर्शन पर किसी तरह का अंकुश भी नहीं है। उन्होंने कहा कि मौजूदा परिदृश्य में हमारे अनुसार इससे (हाइब्रिड) बेहतर कुछ नहीं है।

# लाइमलाइट का स्वाद चखने के बाद गायब हो गईं मिनिषा लांबा




अपनी पहली फिल्म में ही पावरपैक परफॉर्मेंस देकर लोगों का दिल जीत लिया था. हम बात कर रहे हैं बॉलीवुड अभिनेत्री मिनिषा लांबा की. मिनिषा उन अभिनेत्रियों में से हैं, जिन्होंने लाइमलाइट का स्वाद चखा और फिर अचानक गायब हो गई. फिर वह नजर आईं भी तो या किसी म्यूजिक वीडियो में या किसी विज्ञापन में. मिनिषा लांबा की जिंदगी भी कुछ ऐसे ही गुजरी. फिलहाल मिनिषा लांबा अपनी एक फिल्म के रिलीज होने का इंतजार कर रही हैं. इस फिल्म का निर्देशन राज आशू द्वारा किया गया है. चूंकि इस फिल्म में ए-लिस्टर कलाकार नहीं है, इसलिए इस फिल्म की खबरें कहीं मीडिया की सुर्खियों से गायब नजर आईं. मिनिषा लांबा के साथ इस फिल्म में टीवी एक्टर करणवीर बोहरा और संजय मिश्रा नजर आने वाले हैं. इस फिल्म की शूटिंग खत्म होने के बाद मिनिषा ने कुछ टाइम का ब्रेक लिया था और वह अपने परिवार के साथ छुट्टियां बिताने गई थीं. इस दौरान उन्होंने अपने वैकेशन की कुछ तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर शेयर की थीं. रिपोर्ट के अनुसार, फिलहाल मिनिषा लांबा अपने परिवार के साथ दिल्ली के न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी इलाके में रह रही हैं. मिनिषा को लाइमलाइट में रहना पसंद नहीं है, इसलिए उन्होंने इंडस्ट्री से एक सीमित दूरी बना रखी है. रिपोर्ट के अनुसार, मिनिषा ने कहा था- मैंने कई दिनों से इंटरव्यू नहीं दिया, लेकिन यह पहली बार नहीं है. फिल्मों से दूर होने के बावजूद मैं वापसी के लिए तैयार हूं. मुझे उस तरह के ऑफर नहीं मिल रहे थे जिस तरह की भूमिकाएं मैं करना चाहती थी, इसलिए मुझे और इंतजार करना पड़ा. वह समय मेरे लिए मुश्किल था.

वैसे तो मिनिषा लांबा का सपना फिल्म इंडस्ट्री में करियर बनाने का नहीं था. वह तो एक पत्रकार बनना चाहती थीं. मिनिषा ने कहा था- मैं पत्रकार बनना चाहती थी. मैंने खुद को इस क्षेत्र के लिए अच्छी तरह से तैयार किया था. मैंने अपनी इंग्लिश ऑनर्स की पढ़ाई पूरी की, लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था. नियति की मेरे लिए अलग ही योजनाएं तैयार थीं. जब मैं ग्रेजुएशन के अपने अंतिम वर्ष में थी, मुझे विभिन्न विज्ञापनों के ऑफर आने लगे. ऐसे ही एक विज्ञापन की शूटिंग के दौरान, शूजीत सरकार (जो विज्ञापन का निर्देशन कर रहे थे) ने मुझे अपनी फिल्म 'यहां' के लिए संपर्क किया. इस फिल्म के बाद मैंने पीछे मुड़कर नहीं देखा. मिनिषा लांबा का करियर वैसा नहीं रहा जैसा वह चाहती थीं. 'यहां' फिल्म के बाद मिनिषा लांबा ने कई फिल्मों में काम किया, जिनमें कॉरपोरेट, रॉकी द रेबेल, हनीमून ट्रैवल्स प्राइवेट लिमिटेड, दस कहानियां, बचना ए हसीनों, किडनैप, जिला गाजियाबाद, भूमि जैसी फिल्में शामिल हैं. बड़े पर्दे के अलावा मिनिषा लांबा छोटे पर्दे पर भी नजर आईं. वह तेनाली रामा, बिग बॉस सीजन 8, छून है आसमान, कॉमेडी नाइट्स बचाओ और इंटरनेट वाला लव जैसे शोज में दिखीं. फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने के साथ-साथ उनके लव अफेयर भी विवादों में रहे. मिनिषा लांबा जब काफी विवादों में आई थीं, जब साल 2011 में क्रिकेटर युवराज सिंह की एक लड़की को किस करते हुए फोटो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुई. इस लड़की को मिनिषा लांबा बताया जा रहा था. हालांकि, बाद में मीडिया के सामने आकर मिनिषा ने इस फोटो की सच्चाई बयां की थी. मिनिषा ने कहा था कि उनका युवराज सिंह के साथ कोई अफेयर नहीं चल रहा और जो फोटो वायरल हो रही है, वह उनके जैसी दिखने वाली कोई लड़की है।

## जीवन में एक बार भगत सिंह का किरदार निभाना काफी नहीं:अजय देवगन

बॉलीवुड स्टार अजय देवगन ने 19 साल पहले अपनी फिल्म द लीजेंड ऑफ भगत सिंह की रिलीज का जश्न मनाने के लिए सोमवार को एक इंस्टाग्राम नोट पोस्ट किया। फिल्म 7 जून 2002 को



सिनेमाघरों में आई। अजय ने एक तस्वीर जिसमें उन्हें शहीद भगत सिंह के रूप में दिखाया गया है, उसके साथ लिखा, अपने जीवनकाल और करियर में एक बार भगत सिंहजी जैसे क्रांतिकारी की भूमिका निभाना पर्याप्त नहीं है। आपको उन्हें लगातार वहां रखने की आवश्यकता है .. आखिरकार, ये वही हैं जिन्होंने अपने (खून) से इतिहास लिखा है। हैशटैग 19इयर्स ऑफ दलीजेंड ऑफ भगतसिंह हैशटैग राजकुमारसंतोष। अजय ने अपनी अभिनीत भूमिका के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के रूप में राष्ट्रीय पुरस्कार जीता, जबकि राजकुमार संतोषी निर्देशित फिल्म को हिंदी में सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म के रूप में राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला। ऐतिहासिक नाटक में सुशांत सिंह को सुखदेव के रूप में, डी. संतोष को राजगुरु के रूप में और अखिलेंद्र मिश्रा को चंद्रशेखर आजाद के रूप में, राज बब्बर और अमृता राव को भी दिखाया गया था। अजय की आगामी परियोजनाएं मैदान, भुजः द प्राइड ऑफ इंडिया, आरआरआर और उनकी निर्देशित फिल्म मेयडे हैं, और वह सूर्यवंशी और गंगूबाई काठियावाड़ी में भी दिखाई देंगे।

## एलजीबीटीक्यू समुदाय को सपोर्ट करने का वक्त आ गया है : सिम्बा नागपाल

प्राइड मंथ के अवसर पर टेलीविजन अभिनेता सिम्बा नागपाल का कहना है कि वह लैंगिक भेदभाव में विश्वास नहीं करते हैं और यह उचित समय है कि एलजीबीटीक्यू समुदाय के समर्थन में सभी एक साथ आएं। सिम्बा कहते हैं, मैं लैंगिक भेदभाव में यकीन नहीं करता। हम सभी इंसान हैं और समाज में हम सभी के साथ एक समान बर्ताव होना चाहिए। खुद को बयां करने के लिए इंसान में कभी असुरक्षा की भावना नहीं पनपनी चाहिए और न ही कोई सीमा होनी चाहिए। यह सही समय है कि हम सब एलजीबीटीक्यू समुदाय के समर्थन में एक साथ आएं।

**शक्ति** : अस्तित्व एक एहसास की में काम करने वाले इस अभिनेता का मानना है कि सच्चे प्यार में कोई सीमा नहीं चाहिए और यह बिना किसी शर्त के होनी चाहिए।

# आदिपुरुष के लिए सिद्धार्थ शुक्ला को नहीं किया गया अप्रोच



इस साल प्रभास की मेगा बजट फिल्म आदिपुरुष काफी चर्चा में बनी हुई है। हाल में खबर सामने आई थी कि इस फिल्म में अभिनेता सिद्धार्थ शुक्ला रावण के बेटे मेघनाद का किरदार निभाएंगे। अब एक इंटरव्यू में सिद्धार्थ ने खुद इस खबर का खंडन कर दिया है। उन्होंने बताया है कि फिल्म आदिपुरुष के लिए उन्हें अप्रोच नहीं किया गया है। फिल्म का निर्देशन ओम राउत द्वारा किया जा रहा है। यह फिल्म 11 अगस्त, 2022 को रिलीज होगी।

रिपोर्ट के मुताबिक, प्रभास की आदिपुरुष के लिए सिद्धार्थ से संपर्क नहीं किया गया है। उन्होंने कहा, ईमानदारी से बता रहा हूं कि इस फिल्म के लिए मुझे अप्रोच नहीं किया गया है। इसलिए मैं वास्तव में नहीं जानता कि इस खबर में कोई सच्चाई है या नहीं। मैं अपने बारे में कहूं तो मुझे कुछ नहीं पता है क्योंकि मेरे पास ऐसा कोई ऑफर नहीं आया है।

यह समय बताएगा कि मेकर्स सिद्धार्थ को अप्रोच करने के बारे में विचार कर रहे हैं या नहीं। रिपोर्ट में बताया गया था कि सिद्धार्थ फिल्म में मेघनाद का किरदार अदा करेंगे। फिल्म में सैफ अली खान रावण के किरदार में दिखने वाले हैं। प्रभास को हिन्दुओं के अराध्य देवता श्रीराम के किरदार में देखा जाएगा। फिल्म में कृति सेनन को माता सीता की भूमिका के लिए चुना गया है। अभिनेता सनी सिंह लक्ष्मण के किरदार में दिखेंगे।

फिल्म के निर्देशक ओम ने इंटरव्यू में बताया था कि फिल्म में राम कथा का संपूर्ण वर्णन संभव नहीं है। इसलिए इसमें राम के जीवन का एक हिस्सा दिखाया जाएगा। भूषण कुमार, ओम, प्रसाद सुतार और राजेश नायर फिल्म को प्रोड्यूस करेंगे। फिल्म थ्रीडी फॉर्मेट में बनेगी, जिसे पांच अलग-अलग भाषाओं हिन्दी, तेलुगु, तमिल, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज किया जाएगा। फिल्म अंतरराष्ट्रीय दर्शकों के लिए अंग्रेजी भाषा के साथ कई अन्य भाषाओं में डब की जाने वाली है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस फिल्म को लगभग 350-400 करोड़ रुपये के बजट में बनाया जा रहा है। काफी भव्य तरीके से इस फिल्म की शूटिंग होगी। फिल्म को फिल्माने के लिए वीएफएक्स तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा।



## न्यायपालिका राजनैतिक दबाव में!

दिल्ली के भाजपा नेता तेजिंदर पाल की गिरफ्तारी को लेकर मोहाली के सीजेएम की कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ। इसके तुरन्त बाद पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में उक्त आदेश को चुनौती देने वाली याचिका देर शाम दायर की गई। पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट ने देर रात याचिका पर सुनवाई की। हाईकोर्ट ने सीजेएम कोर्ट से जारी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी। दिल्ली, पंजाब और हरियाणा सरकार के बीच पिछले कई दिनों से तेजिंदर पाल सिंह बग्गा की गिरफ्तारी को लेकर राजनीति हो रही है। तेजिंदर पाल सिंह बग्गा के इस बयान पर चाहे जितनी एफआईआर कर लो, हम झुकेंगे नहीं। पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट द्वारा देर रात याचिका पर सुनवाई करते हुए सीजेएम के गिरफ्तारी वारंट पर रोक लगा दी है। उससे तेजिंदर पाल की ताकत और रसूख का अंदाजा लगाया जा सकता है। कुछ इसी तरह की घटना राजस्थान सरकार की शिकायत पर एक टीवी चैनल न्यूज 18 के एंकर अमन चौपड़ा के खिलाफ राजस्थान की एक अदालत ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। वारंट जारी होने के कुछ घंटों के अंदर ही राजस्थान हाईकोर्ट ने सेशन कोर्ट के गिरफ्तारी वारंट पर रोक लगा दी। उक्त टीवी चैनल के एंकर ने अपने कार्यक्रम में अलवर जिले के राजगढ़ में 300 साल पुराने मंदिर को गिराने के लिए राजस्थान सरकार की बदला लेने की कार्यवाही बताया था। अमन चौपड़ा ने यह भी कहा था कि जहांगीरपुरी दिल्ली की मस्जिद पर बुलडोजर चलने के बाद राजस्थान की सरकार द्वारा बदला लेने के लिए 300 साल पुराना मंदिर ढहा दिया गया। एंकर की इस कवरेज से साम्प्रदायिक उत्तेजना को लेकर राजस्थान पुलिस ने दंगा भड़काने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया था। राजस्थान पुलिस ने सेशन कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी कराया था। वारंट जारी होने के बाद राजस्थान पुलिस ग्रेटर नोयडा पहुंचती और राजस्थान पुलिस अमन चौपड़ा को गिरफ्तार करती, इसके पहले ही राजस्थान हाईकोर्ट का आदेश पहुंच गया। इस आदेश में अमन चौपड़ा की गिरफ्तारी पर हाईकोर्ट ने रोक लगाई है। राजस्थान पुलिस के ग्रेटर नोयडा पहुंचते ही उ.प्र. की पुलिस ने राजस्थान पुलिस को उसी तरह से घेर रखा था। जिस तरह हरियाणा पुलिस ने पंजाब की पुलिस को घेरकर पंजाब पुलिस से तेजिंदर पाल बग्गा को अपने कब्जे में लेकर दिल्ली पुलिस को सौंप दिया था। पंजाब एवं राजस्थान हाईकोर्ट की त्वरित सुनवाई और गिरफ्तारी पर त्वरित रोक आदेश को लेकर जनसामान्य के मन में यह धारणा बनने लगी है कि न्यायपालिका भी राजनैतिक दबाव में तो काम करने विवश नहीं हो रही है। इस धारणा को इस बात से भी बल मिलता है कि राजस्थान सेशन कोर्ट के न्यायाधीश ने जब गिरफ्तारी वारंट जारी किया होगा, तो वहां तथ्यों का परीक्षण कर ही आदेश जारी किया होगा। गिरफ्तारी के बाद भी हाईकोर्ट जमानत दे सकती थी। बिना दूसरे पक्ष को सुने जिस तरह से पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट एवं राजस्थान हाईकोर्ट ने गिरफ्तारी पर रोक लगाई है, उसके बाद यह धारणा बनने लगी है, क्या न्यायपालिका भी राजनैतिक दबाव में आ गई है। केन्द्र एवं राज्य सरकारों के संघीय ढांचे को लेकर जो विवाद देखने को मिल रहे है, ठीक उसी तरह की स्थिति न्यायपालिका में भी दिखने लगी है। यह चिंता का विषय है।

# सरकार ने टी वी चैनल्स को दिखाया दर्पण: देर आयद दुरुस्त आयद

**निर्मल रानी**

भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने गत दिनों टीवी चैनल्स के लिये एक चेतावनी रुपी ऐडवाइज़री जारी की है। मंत्रालय ने इस ऐडवाइज़री के माध्यम से रूस व यूक्रेन के बीच छिड़े युद्ध तथा पिछले दिनों राजधानी दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाक़े में भड़की सांप्रदायिक हिंसा के बाद देश के मुख्य धारा के निजी टीवी चैनलों के प्रसारण के तरीक़ों व इनसे संबंधित कार्यक्रमों में अपनाई गयी आपत्तिजनक भाषा व शीर्षक आदि पर सख़्त एतराज़ जताते हुये कहा है कि %कुछ चैनल इन घटनाओं के प्रसारण में सामाजिक रूप से अस्वीकार्य भाषा का इस्तेमाल करते हुये इन्हें भ्रामक और सनसनीखेज़ तरीक़े से प्रसारित कर रहे हैं। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने झूठे दावे करने और अस्वीकार्य भाषा का प्रयोग करने वाले ऐसे टी वी चैनल्स को चेतावनी देते हुए कहा है कि ,यदि आवश्यक समझा जाएगा तो केबल टेलीविज़न नेटवर्क (विनियमन) अधिनियम, 1995 में निर्धारित प्रावधानों के अंतर्गत इस प्रकार के चैनल्स अथवा ऐसे आपत्तिजनक कार्यक्रमों के प्रसारण को प्रतिबंधित भी किया जा सकता है।

टी वी चैनल्स को भेजी गयी अपने ऐडवाइज़री में सरकार ने विभिन्न चैनल्स द्वारा प्रसारित की गयी भोंडे,अनावश्यक तथा भड़काऊ व उकसाने वाले कई आपत्तिजनक शीर्षक का ज़िक्र भी किया। उदाहरण के तौर पर रूस-यूक्रेन युद्ध के संबंध में 18 अप्रैल 2022 को एक टी वी चैनल ने %यूक्रेन में एटमी हड़कंप% के शीर्षक से कार्यक्रम प्रसारित किया। इस रिपोर्ट में कई अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं का हवाला ग़लत व अनावश्यक तरीक़े से दिया गया। इसी तरह एक चैनल ने लोगों को भयभीत करते हुये यह ख़बर प्रसारित कर डाली कि %रूस ने यूक्रेन पर परमाणु हमले के लिए 24 घंटे की डेडलाइन दी है%। इसी तरह %परमाणु पुतिन से परेशान जेलेंस्की%,%आधिकारिक रूसी मीडिया ने कहा है कि तीसरा विश्व युद्ध शुरू हो चुका है।% आदि भ्रामक ख़बरें चलायीं गयीं। यहाँ तक कि एक चैनल द्वारा अपने झूठे दावों की पुष्टि करते हुये एक वीडियो भी दिखाया गया जिसमें कि रूसी राष्ट्रपति पुतिन को अपने साथ कथित रूप से एक न्यूक्लियर ब्रीफ़ केस लेकर चलते हुये दिखा दिया। इसी प्रकार के अनेक सनसनीखेज़ शीर्षक जैसे %न्यूक्लियर निशाना, हैरतअंगेज़ खुलासा वर्ल्ड वॉर का।% %यूक्रेन से पुतिन का परमाणु प्लान तैयार?%, %एटम बम गिरेगा? तीसरा विश्व युद्ध शुरू होगा% %ये रात क़यामत वाली है%, %रूस परमाणु हमला कब करेगा,कहां करेगा?% तथा %विश्व युद्ध के मुहाने पर दुनिया% जैसे सनसनीखेज़ शीर्षक लगाने व ऐसे शीर्षक पर आधारित कार्यक्रम प्रसारित करने का भी ज़िक्र ऐडवाइज़री में किया गया है ।

इसी तरह सरकार ने दिल्ली जहांगीरपुरी हिंसा की रिपोर्टिंग के उकसाऊ व आपत्तिजनक तरीक़ों व इनसे संबंधित भड़काऊ शीर्षक व कार्यक्रमों का भी उल्लेख किया। जैसे %दिल्ली में अमन के दुश्मन कौन%, %बड़ी साज़िश दंगे वाली, करौली, खरगौन वाया दिल्ली%, %हिंसा से एक रात पहले साज़िश का वीडियो% 'अली ड्क्ह्य बली, कहां कहां खलबली?' और %अली, बजरंगबली पर खलबली% तथा एक टी वी चैनल द्वारा प्रसारित %हुंकार% शीर्षक के कार्यक्रम में प्रयुक्त आपत्तिजनक भाषा के प्रयोग का ज़िक्र करते हुये सभी टी वी चैनल्स को नियमों के अंतर्गत ही कार्यक्रम प्रसारित करने का निर्देश दिया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अनुसार चैनल्स ने समाचारों में असंसदीय, भड़काऊ और सामाजिक रूप से अस्वीकार्य भाषा का प्रयोग किया तथा सांप्रदायिक टिप्पणियों और अपमानजनक संदर्भों वाली बहसें प्रसारित कीं, जो दर्शकों पर नकारात्मक मनोवैज्ञानिक प्रभाव डाल सकती हैं और सांप्रदायिक वैमनस्य को भी भड़का सकती हैं। इससे बड़े पैमाने पर शांति भंग हो सकती है।'



सरकार द्वारा टी वी चैनल्स के लिये जारी यह दिशा निर्देश निःसंदेह सराहनीय हैं। यह काम तो सरकार को बहुत पहले ही कर लेना चाहिए था। क्योंकि देश के अनेक टी वी चैनल्स यहाँ तक की देश में सबसे अधिक टी आर पी बटोरने वाले टी वी चैनल्स तो कई वर्षों से इस तरह के सामाजिक विष रोपण का काम करते आ रहे हैं। इनमें कई चैनल्स के स्वामी तो सत्तारूढ़ दल के सांसद व सत्ता के क़रीबी उद्योगपति हैं। विगत लगभग एक दशक से इन्होंने भारतीय समाज को अपने ऐसे ही भोंडे कार्यक्रमों,शीर्षकों व अति आपत्तिजनक शब्दावलियों से विभाजित करने में कोई कसर बाक़ी नहीं छोड़ी। कार्यक्रमों के सीधे प्रसारण में लात-जूते,धक्का मुक्की,गली गलोच,नागिन डांस, शस्त्र प्रदर्शन, अपने पूर्वाग्रह के चलते शीर्ष संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों के लिये अपमानजनक भाषा का प्रयोग,रिश्वतख़ोरी के इलज़ाम में तथाकथित %प्रसिद्ध % ऐंकर का तिहाड़ जेल जाना,टी आर पी बढ़ाने लिये लोगों में पैसे बांटना जैसी तमाम शर्मनाक परिस्थितियों का सामना अनेक भारतीय निजी टी वी चैनल्स करते आ रहे हैं। चीख़ चिल्लाकर ख़बरें पढ़ना व कार्यक्रम प्रस्तुत करना तो गोया इनका चलन बन चुका है। ऐसे चैनल्स की इस तरह की ग़ैर ज़िम्मेदाराना कारगुज़ारियों की चर्चा पूरे विश्व में होने लगी है। टी वी चैनल्स की इसी दुर्दशा ने ही तो भारतीय मीडिया को %गोदी मीडिया % की उपाधि से नवाज़ा है? अति गंभीर संस्थान यहाँ तक कि भारतीय लोकतंत्र में चौथे स्तंभ के रूप में अपनी पहचान रखने का दावा करने वाले भारतीय मीडिया का कभी इतना पतन हो जायेगा यह कभी सोचा भी नहीं गया था।

इसी सन्दर्भ में सरकार को एक दिशानिर्देश उन नेताओं व धर्गुरूओं के लिये भी सख़्त लहजे में जारी करने चाहिये जो इसतरह के भड़काऊ %गोदी मीडिया% को अपने नफ़रती व ज़हरीले बयानों से उकसाऊ सामग्री उपलब्ध कराते हैं। जो सरकार टी वी चैनल्स के दिन प्रतिदिन के शीर्षक व भड़काऊ शब्दावली पर नज़र रखती है वह यह भी बख़ूबी जानती है कि देश में किसी धर्म के विरुद्ध नारे लगाने वाले दूसरे धर्म के लोग कौन हैं? गाँधी को गाली देने वाले,हत्यारों व बलात्कारियों तथा दंगाइयों का महिमामंडन करने वाले कौन हैं। देश में सशस्त्र संघर्ष छेड़ने और धर्म विशेष के घरों पर बुलडोज़र चलाने की बातें करने वालों को भी सरकार बख़ूबी जानती है। सरकार की जनसँख्या नियंत्रण नीति के विरुद्ध केवल सांप्रदायिक विद्वेष वश चार बच्चे पैदा करने का आह्वान करने वाले कौन हैं ? अपने घरों में शस्त्र,तीर कमान और बोतलें आदि रखने का आह्वान करने वाले %माननीयों % को भी सरकार भली भांति जानती है। सरकार को ऐसे लोगों के विरुद्ध भी केवल ऐडवाइज़री मात्र जारी करने की नहीं बल्कि सख़्त कार्रवाई करते हुये इन्हें जेल में ठूसने की ज़रुरत है। यदि सरकार ऐसे समाज विभाजक लोगों को छुट्टे सांड की तरह घूमने देती है और केवल गोदी मीडिया वाले चैनल्स को ऐडवाइज़री जारी कर अपने कर्तव्य की इतिश्री समझती है फिर तो यही सन्देश जायेगा कि ऐडवाइज़री की यह क़वायद मात्र दिखावा है वह भी या तो किसी दबाव में जारी की गयी है या दुनिया को दिखाने के लिये। फिर भी सकारात्मक सोच का तो यही तक़ाज़ा है कि सरकार ने टी वी चैनल्स को जो दर्पण दिखाया है इसके लिये यही कहा जा सकता है कि - देर आयद दुरुस्त आयद ।

## दौलत की चाह

संत जुनैद की एक झलक पाने और उनसे ज्ञान की बातें सुनने के लिए लोग बेकरार रहते थे। पर जुनैद दुनियावी चीजों से तटस्थ और निर्लिप्त रहते थे। वह खाने-पीने और अपने कपड़े से भी बेपरवाह रहते थे। वह हर समय घूमते रहते थे। जहां भी रात होती वह वहीं टिक जाते। एक बार वह एक बड़े शहर के बाहर रुके तो शहर के जाने-माने एक सेठ उनके दर्शन के लिए आ पहुंचे। वह अपने साथ ढेर सारी स्वर्ण मुद्राएं लेकर आए थे। उन्होंने उसकी थैली जुनैद के चरणों में रख दी और हाथ जोड़कर खड़े हो गए। जुनैद ने थैली पर नजर डाली, फिर मुस्कराते हुए पूछा-क्या इसके अलावा भी आपके पास और दौलत है? सेठ जी ने प्रसन्न होकर सोचा कि जुनैद को और भी धन चाहिए। सेठ ने कहा-मेरे पास तो इससे कई गुना धन-संपत्ति और है। सेठ ने पूछा-क्या आप और दौलत पाने की ख्वाहिश रखते हैं? सेठ ने कहा- हां, हां क्यों नहीं, अब इतने से क्या होता है। थोड़ी और दौलत मिल जाए तो जिंदगी बेहतर हो जाएगी। जुनैद ने कहा- तब तो ये दौलत भी आप ही रख लीजिए। इसकी असल जरूरत तो आपको ही है। आपको और धन-संपत्ति चाहिए। इतना आप मुझे ही दे देंगे तो आपका खजाना थोड़ा खाली हो जाएगा। जिसके पास सब कुछ हो लेकिन और पाने की चाह हो, उसके दान का भी कोई अर्थ नहीं है। यह सुनकर सेठ जी लज्जित हो गए। उन्होंने जुनैद से वादा किया कि वह अब और दौलत के पीछे नहीं भागेंगे

# (दो टूक) आखिर क्यों गहरा रहा है देश में बिजली का संकट?

**योगेश कुमार गोयल**

भीषण गर्मी के बीच बिजली की तेजी से बढ़ती मांग के कारण देश के कई राज्यों में बिजली की कमी का संकट गहरा रहा है। बिजली की मांग बढ़ने के साथ ही थर्मल पावर प्लांटों में कोयले की खपत तेजी से बढ़ी है और इसी कारण कुछ राज्यों के बिजली संयंत्रों में कोयले का स्टॉक घट रहा है। दरअसल गर्मी के कारण कई बिजली कम्पनियों में बिजली की मांग में वृद्धि हुई है और जैसे-जैसे गर्मी बढ़ रही है, बिजली की मांग में भी उसी तेजी से वृद्धि हो रही है। कोरोना लॉकडाउन के बाद बड़ी मुश्किल से पटरी पर लौट रही औद्योगिक गतिविधियों के कारण उद्योगों में भी बिजली की खपत बढ़ी है, इससे भी बिजली की मांग बढ़ रही है लेकिन मांग के अनुरूप पावर प्लांटों में कोयले का स्टॉक नहीं है। कोयले की कमी के संकट को लेकर कोल इंडिया स्वीकार चुकी है कि गर्मी शुरू होने के साथ ही देश के बिजली संयंत्रों में कोयला भंडार नौ साल के न्यूनतम स्तर पर पहुंच गया था। हालांकि संघीय दिशा-निर्देशों के अनुसार बिजली संयंत्रों में कम से कम 24 दिनों का कोयला स्टॉक होना चाहिए।

आंकड़े देखें तो महाराष्ट्र में करीब 28 हजार मेगावाट बिजली की मांग है, जो गत वर्ष के मुकाबले 4 हजार मेगावाट ज्यादा है। उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, बिहार, मध्य प्रदेश, झारखंड, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना इत्यादि राज्य भी इस समय कोयले की किल्लत से जूझ रहे हैं, जिस कारण कुछ राज्यों में कुछ पावर प्लांटों में तो बिजली उत्पादन ठप्प हो गया है तो कुछ प्लांटों में बिजली उत्पादन अपेक्षाकृत कम हो पा रहा है। केन्द्रीय बिजली प्राधिकरण (सीईए) के मुताबिक देश में 173 बिजली संयंत्रों में से 155 गैर-पिथेड बिजली संयंत्र हैं, जहां पास में कोई कोयला खदान नहीं है और इनमें औसतन कोयले का करीब 28 फीसदी स्टॉक है जबकि कोयला खदानों के पास स्थित 18 पिथेड संयंत्रों का औसत स्टॉक सामान्य मांग का 81 फीसदी है। पिछले साल अक्तूबर माह में भी बिजली की मांग करीब एक फीसदी बढ़ जाने के कारण कोयला संकट के चलते बिजली संकट गहराया था और तब यह भी स्पष्ट हुआ था कि बिजली संयंत्रों को कोयले की वांछित आपूर्ति नही होने



के अलावा कई नीतिगत खामियां भी बिजली संकट का प्रमुख कारण हैं।

कोरोना काल से पहले अगस्त 2019 में देश में बिजली की खपत 106 बिलियन यूनिट थी, जो करीब 18 फीसदी बढ़ोतरी के साथ अगस्त 2021 में 124 बिलियन यूनिट दर्ज की गई। विशेषज्ञों का मानना है कि मार्च 2023 तक देश में बिजली की मांग में 15.2 फीसदी तक की बढ़ोतरी हो सकती है, जिसे पूरा करने के लिए कोयला आधारित बिजली संयंत्रों को उत्पादन में 17.6 फीसदी वृद्धि करनी होगी। देशभर में कुल बिजली उत्पादन का 70-75 फीसदी कोयला आधारित संयंत्रों से ही होता है और कोल इंडिया द्वारा रिकॉर्ड कोयला उत्पादन भी किया जा रहा है लेकिन फिर भी मांग और आपूर्ति का अंतर कम नहीं हो पा रहा है। देश में करीब 80 फीसदी कोयले का उत्पादन कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) द्वारा किया जाता है और उसने इस वित्त वर्ष में कोयला आपूर्ति को 4.6 फीसदी बढ़ाकर 565 मिलियन टन करने का लक्ष्य रखा है। कोल इंडिया का कहना है कि वैश्विक कोयले की कीमतों और माल ढुलाई लागत में वृद्धि से आयात होने वाले कोयले से बनने वाली बिजली में कमी आई है। केन्द्रीय कोयला मंत्री प्रहलाद जोशी के मुताबिक 2012-22 में देश में कुल कोयला उत्पादन 8.5 फीसदी बढ़कर 77.72 करोड़ टन के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। ऐसे में बड़ा सवाल यही है कि यदि वाकई कोयले का रिकॉर्ड उत्पादन हुआ है तो फिर बिजली संयंत्र कोयले की भारी कमी से क्यों जूझ रहे हैं और यदि कोयले की कमी नहीं है तो बिजली उत्पादन में गिरावट क्यों आ रही है? बिजली संयंत्रों तक कोयला पहुंचाने के लिए रेलगाड़ियों की कमी भी बिजली संकट गहराने का कारण बनी रही है। कोयला खदानों से पावर प्लांटों तक कोयला पहुंचाने के लिए रेलवे में रैक (डिब्बों) की कमी एक अहम कारण रहा है। एक बड़ी समस्या यह भी है कि कोरोना महामारी के कारण कई राज्यों की वित्तीय स्थिति खस्ता हुई है, जिससे उनके स्वामित्व वाली बिजली वितरण कम्पनियां (डिस्कॉम) बिजली उत्पादन कम्पनियों को बकाया चुकाने की स्थिति में नहीं हैं।

# युवा चेतना के संवाहक स्वामी विवेकानंद .......!

### सूडोकु नवताल- 6066

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | | | 4 | |
| | | 5 | | 3 | | | 7 | |
| | | | | | 8 | | | 2 |
| | | | | | 1 | 9 | | |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | 6 | 7 | | | | | |
| 1 | | | 4 | | | | | |
| | 9 | | | 2 | | 5 | | |
| | 8 | | | | | | | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

**सूडोकु नवताल - 6065 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

**डॉ श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट**

स्वामी विवेकानंद को युवा चेतना का संवाहक कहे तो अतिश्योक्ति नही होगी।विवेकानंद संसार की एक ऐसी दिव्य विभूति हुई है जिन्होंने अपने अल्पायु जीवन मे कई जन्मों का सार्थक काम कर युवाओं के सामने एक प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया था।स्वामी विवेकानंद न सिर्फ एक व्यक्ति रहे है बल्कि वे एक सार्थक सोच के धनी रहे है,एक विचारशील व्यक्तित्व रहे है ,स्वयं में एक क्रांतिदूत रहे है,जिन्होंने नवनिर्माण व नवराष्ट्र की सोच विकसित की। वे नैतिक मूल्यों के विकास एवं युवा चेतना के जागरण हेतु प्रतिबद्ध रहे तो मानवीय मूल्यों के पुनरुत्थान के सजग प्रहरी, अध्यात्म दर्शन और संस्कृति को जीवंतता देने वाली संजीवनी बूटी भी उन्हें कहा जा सकता है।विवेकानंद वेदान्त के विख्यात और प्रभावशाली आध्यात्मिक गुरु के रूप में प्रतिष्ठित हुए । स्वामी विवेकानन्द आज भी देश ही नही दुनियाभर के युवाओं के आदर्श कहे जा सकते हैं। उनकी सोच रही कि युवको को शारीरिक प्रगति से ज्यादा आंतरिक प्रगति की आवश्यकता है। उन्होंने युवकों को प्रेरणा देते हुए कहा था कि पहले हर अच्छी बात का मजाक बनता है, फिर उसका विरोध होता है और अंत में उसे स्वीकार कर लिया जाता है। वे युवकों में जोश भरते हुए कहा करते थे कि उठो मेरे शेरों ! इस भ्रम को मिटा दो कि तुम निर्बल हो। जो तुम सोचते हो वह हो जाओगे। ऐसी ही कुछ प्रेरणाएं हैं जो आज भी युवकों को आन्दोलित करती हैं, सतपथ दिखाती हैं और जीवन जीने का



दर्शन बोध कराती हैं।

रामकृष्ण परमहंस के शिष्य स्वामी विवेकानंद एक ऐसे युवा संत हुए जिनका रोम-रोम राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत था। राष्ट्र के दीन-हीनजनों की सेवा को ही वे ईश्वर की सच्ची पूजा मानते थे।

इस युवा संन्यासी ने निजी मुक्ति को जीवन का लक्ष्य नहीं बनाया था, बल्कि करोड़ों देशवासियों के उत्थान को ही अपना जीवन-लक्ष्य बनाया। उनके सदवचन, किसी की भी जिंदगी परिवर्तित कर सकते है।उनके शब्दों में, ब्रह्मांड की सारी शक्तियां पहले से हमारी हैं।वे स्वयं को स्वयं से मिलाते हुए कहते है कि वह हम ही हैं, जो अपनी आंखों पर हाथ रख लेते हैं और फिर रोते हैं कि कितना अंधकार है। जिस तरह से विभिन्न स्रोतों से उत्पन्न धाराएं अपना जल समुद्र में मिला देती हैं, उसी प्रकार मनुष्य द्वारा चुना हर मार्ग चाहे वह अच्छा हो या बुरा, भगवान तक जाता है। किसी की निंदा न करें। अगर आप मदद के लिए हाथ बढ़ा सकते हैं, तो जरूर बढ़ाएं। अगर नहीं बढ़ा सकते हैं, तो अपने हाथ जोड़िए, अपने भाइयों को आशीर्वाद दीजिए और उन्हें उनके मार्ग पर जाने दीजिए।आत्मा के लिए कुछ असंभव है। ऐसा सोचना सबसे बड़ा विधर्म है। अगर कोई पाप है, तो वो यही है; ये कहना कि %तुम निर्बल हो या अन्य निर्बल हैं। अगर धन दूसरों की भलाई करने में मदद करे, तो इसका कुछ मूल्य है अन्यथा ये सिर्फ बुराई का एक ढेर है और इससे जितना जल्दी छुटकारा मिल जाए, उतना बेहतर है।

जिस समय जिस काम के लिए प्रतिज्ञा करो, ठीक उसी समय पर उसे करना ही चाहिए, नहीं तो लोगों का विश्वास उठ जाता है।उस व्यक्ति ने अमरत्व प्राप्त कर लिया है, जो किसी सांसारिक वस्तु से व्याकुल नहीं होता। हम वह हैं, जो हमें हमारी सोच ने बनाया है इसलिए इस बात का ध्यान रखिए कि आप क्या सोचते हैं। उनकी दृष्टि में,शब्द गौण हैं, विचार रहते हैं, वे दूर तक यात्रा करते हैं।जब तक आप खुद पर विश्वास नहीं करते, तब तक आप भगवान पर विश्वास नहीं कर सकते। सत्य को हजार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा। विश्व एक व्यायामशाला है, जहां हम खुद को मजबूत बनाने के लिए आते हैं।जिस दिन आपके सामने कोई समस्या न आए, आप यकीन कर सकते हैं कि आप गलत रास्ते पर चल रहे रहे हैं।यह जीवन अल्पकालीन है, संसार की विलासिता क्षणिक है, लेकिन जो दुसरों के लिए जीते हैं, वे वास्तव में अच्छा जीवन जीते हैं।

## बहुत कुछ रखा है नाम बदलने में

**आलोक पुराणिक**

चीन के और तमाम आइटम भले ही फर्जी हों, पर चिरकुटई एकदम असली है। चीन ने बैठे-बिठाये अरुणाचल प्रदेश से जुड़े कई नाम बदल दिये। चीन से जुड़े कई नाम भी बदले जा सकते हैं। जैसे शंघाई का नाम शकरपुर हो सकता है या बीजिंग का नाम नवी मुंबई हो सकता है। होने को बहुत कुछ हो सकता है। हो भी रहा है। नाम में क्या रखा है–शेक्सपियर कह गये हैं, शेक्सपियर न चीन के थे न ही भारत के थे। भारत और चीन में तो नाम में बहुत कुछ रखा है। कोई आइटम अगर चाइनीज ब्रांड की हो जाये, तो उससे घटियापने पर सस्तेपने की उम्मीद बांध ली जाती है। अगर किसी आइटम का नाम एप्पल पर धर दिया जाये, तो लोग समझ जाते हैं कि बहुत महंगा होगा। समोसा भी अगर एप्पल का समोसा हो जाये, तो फिर एक समोसा एक हजार का बिक सकता है और समोसा खाते-खाते भी बंदे से पैसे चार्ज कर लिये जायेंगे कि लो जी चटनी का अपग्रेड आ गया है, निकालो पैसे। एप्पल वाले हर आइटम का अपग्रेड करते हैं, और इसके जरिये अपने मुनाफे का अपग्रेड लगातार करते हैं।

नाम में, ब्रांड में बहुत कुछ धरा है। इसलिए नाम चेंज होने से मसले खड़े हो जाते हैं। मसले खड़े हों, इसीलिए तो चीन अरुणाचल प्रदेश से जुड़े नाम बदल देता है। इसे चीन अपनी शराफत बता सकता है कि देखो, भारत में चाइनीज फूड के ठेलों से वह रॉयल्टी नहीं वसूलता। चीन सब कुछ अपना ही मानता है, बस कोरोना वायरस को छोड़कर, जो मूलत- खालिस एकदम चाइनीज है।

भारत में भी बहुत क्रिएटिव लोग हैं। योगी आदित्यनाथ ने अभी इस मामले में गंभीरता नहीं दिखायी है। समस्त चीन का नाम चाणक्यदेशम् रखा जा सकता है। चीन के गुआनडोंग का नाम गणेशपुरम किया जा सकता है। बीजिंग का नाम बद्रीनगर किया जा सकता है, यूपी में चुनाव आने वाले हैं। शेनजन का नाम समस्तीपुर रखा जा सकता है, बिहार के चुनाव में कभी काम आयेगा यह 'नाम बदला'। हैंगजाऊ का नाम हनुमंतपुरम किया जा सकता है। तियान्जिन का नाम त्रिलोकेशपुरम किया जा सकता है। हुआन का नाम हृदयपुरम हो सकता है। चांगशा का नाम चंद्रपुरम किया जा सकता है। संभावनाएं अपार हैं। विदेश मंत्रालय योगी आदित्यनाथ के हवाले किया जाये, तो चीन कुछ ही दिनों में भारत का उपनगर जैसा कुछ हो सकता है। नाम में बहुत कुछ रखा है। चाइनीज ब्रांड का भारत में एक खास अर्थ होता है। चाइनीज ही अगर अपना नाम बदलकर अमेरिकन कर दें, तो उनसे एप्पल टाइप की उम्मीदें हो जायेंगी।

# आजादी के अमृत महोत्सव के तहत दो दिवसीय जिला स्तरीय स्वास्थ्य मेला 16 एवं 17 मई को



**मुरैना।** आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत दो दिवसीय जिला स्तरीय स्वास्थ्य मेला जिला चिकित्सालय मुरैना के नवीन भवन में 16 एवं 17 मई को प्रातः 9 से सायं 4 बजे तक आयोजित किया जायेगा। विदित हो कि केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर की विशेष पहल पर कलेक्टर बी.कार्तिकेयन के मार्गदर्शन में यह स्वास्थ्य मेला आयोजित किया जा रहा है।

मेले के संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राकेश शर्मा ने बताया कि जिला स्तरीय निःशुल्क स्वास्थ्य मेले में ह्रदय रोग, श्वसन, चिकित्सा, कैंसर (मुख, स्तन, सर्वाइकल), जठरात्ररोग, मूत्र रोग, प्रसूति एवं स्त्री रोग, न्यूरोलॉजी, शिशु रोग, दंत रोग, क्षय रोग, चरम रोग, नेत्र रोग, हड्डी रोग, कुष्ठ रोग, 0 से 18 वर्ष तक के बच्चों की फोरडी स्क्रीनिंग, मानसिक रोग के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क जांच, सभी परीक्षण, लेबोरेटरी जांच तथा आवश्यक दवाईयां निःशुल्क वितरण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि रक्तदान, नेत्रदान, पोषण आहार, स्वच्छता, परिवार कल्याण, बिना चीरा, टांका नसबंदी एवं एड्स संबंधी जानकारी व परामर्श भी दिया जायेगा। सीएमएचओ ने बताया कि डिजिटल हेल्थ कार्ड बनवाने के लिये आधार कार्ड एवं आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नंबर लेकर आयें। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य कार्ड के फायदे अनेक है, कार्ड बनने के बाद हितग्राहियों की बीमारियां, जांच एवं उपचार की सम्पूर्ण जानकारी इस कार्ड में होगी। डॉ. शर्मा ने बताया कि दो दिवसीय मेले में अधिक से अधिक संख्या में मरीज आयें और स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करें। सीएमएचओ डॉ. राकेश शर्मा ने बताया कि पात्र परिवार सबंल योजना, कार्ड धारक, पात्रता पर्ची (ई-राशन कार्ड) धारक परिवार, पात्रता सामाजिक, आर्थिक, जातिगत जनगणना सर्वे सूची 2011 में सम्मिलित होना चाहिये। इसके अलावा परिवार समग्र आईडी, राशन कार्ड, फोटो आईडी जैसे- आधार कार्ड एवं सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त कोई पहचान पर आदि लाभ आवश्यक रहेगा।

## सिवनी आदिवासी हत्याकांड के विरोध में किसान संगठनों ने दिया मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन



**कैलारस।** विगत दिनों मध्य प्रदेश के सिवनी जिले में दो आदिवासियों की रात के अंधेरे में राम सेना व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने निर्मम हत्या कर दी। बचाव करने आए किसान बृजेश को भी बुरी तरह से पीटा गया। इस घटना की सभी किसान संगठनों ने कड़ी निंदा की है। घटना के आरोपियों को गिरफ्तार करने, पीड़ित परिवारों को एक-एक करोड़ रुपए का मुआवजा और परिजनों को सरकारी नौकरी देने तथा इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने, घटना के लिए उत्तरदायी संगठनों राम सेना और बजरंग दल को आतंकी संगठन घोषित करने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार कैलारस को ज्ञापन दिया गया है। विदित हो कि इस घटना के विरोध में सिवनी में भी बंद का आह्वान किया गया है व पूरे प्रदेश में ज्ञापन दिए गए है। ज्ञापन देने वालों में अशोक तिवारी राज्य उपाध्यक्ष मध्य प्रदेश किसान सभ, महेश प्रजापति जिला सचिव माकपा, गयाराम सिंह धाकड़ जिला उपाध्यक्ष मध्य प्रदेश किसान सभा, राजेश गुप्ता पूर्व अध्यक्ष व्यापार मण्डल कैलारस, राजवीर धाकड़ संयुक्त सचिव एस एफ आई, निरंजन शाक्य, भौरूलाल धाकड, नरहरि शर्मा, रवी, कन्हैया लाल, सूरज आदि प्रमुख हैं। मध्यप्रदेश किसान सभा अखिल भारतीय किसान संघर्ष समन्वय समिति सहित दर्जनों संगठनों ने प्रदेश में इस तरह की घटनाओं की कड़ी निन्दा करते हुए कार्यवाहियां आयोजित की है।

## नगरपालिका परिसर में हुआ लाडली लक्ष्मी उत्सव का आयोजन

**झुण्डपुरा।** परियोजना सबलगढ के अन्तर्गत सेक्टर झुण्डपुरा शहरी के आंगनबाड़ी केंद्रों पर लाडली लक्ष्मी योजना का नगरपालिका परिषद झुण्डपुरा में प्रभारी परियोजना अधिकारी रचना जैन, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक बंसल, सेक्टर सुपरवाइजर भगवती शर्मा के निर्देशन में नगरपालिका परिसर में लाडली लक्ष्मी उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमे सीएम का लाइव प्रसारण दिखाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की शुरूआत पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष बाबूलाल त्रिपाठी ने दीप प्रज्वलित कर एवं लाडली लक्ष्मी बालिकाओं का तिलक लगाकर व फूलमाला पहनाकर सम्मान कर किया और आश्वासन प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अभिभावकों से बालिकाओं के स्वास्थ्य और शिक्षा पर संवाद किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं के जन्म के प्रति सकारात्मक सोच बालिका शिक्षा बढावा देना एवं बाल विवाह को रोकना है। आयोजन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका लाड़ली लक्ष्मी व उनके पालक उपस्थित रहे।



## कक्षा 12वीं में खुशबू शिवहरे ने प्रदेश में प्रथम स्थान पाया

**मुरैना।** बेटियां, बेटों से कहीं कम नहीं हैं उन्हें बेटों से ज्यादा प्यार करें वह भी बुढ़ापे की लाठी बन सकती है। यह वाक्या लाडली लक्ष्मी उत्सव कार्यक्रम में कुमारी खुशबू शिवहरे ने कर दिखाया। पुरानी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी मुरैना निवासी कुमारी खुशबू शिवहरे पुत्री कमल किशोर शिवहरे ने कक्षा 12वीं में कॉमर्स विषय से 96 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रदेश में मुरैना की बेटी प्रथम स्थान पर रही जिसको प्रदेश के खाद्य प्रसंस्करण मंत्री एवं मुरैना जिले के प्रभारी मंत्री भारत सिंह कुशवाह ने प्रशंसा पत्र देकर गत दिवस कुमारी खुशबू का सम्मान किया। विदित है कि लोगों में बेटे की चाहत के लिये धारणा बनी रहती है किंतु बेटियां भी बेटों से कम नहीं हैं। बेटियों को अच्छी पढ़ाई-लिखाई मिले वह भी एक नहीं दो कुल का नाम रोशन करती है। कुमारी खुशबू शिवहरे बताती हैं कि मैंने कॉमर्स विषय से 12वीं की परीक्षा दी थी।



# मेरा देश-मेरी शान कार्यक्रम के तहत बाइक रैली से किया पुरातन स्थल का भ्रमण




**मुरैना।** आजादी के अमृत महोत्सव स्वर्णिम भारत बनाए जाने के अनुसार मेरा देश-मेरी शान कार्यक्रम के उपलक्ष में बाइक रैली का ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा आयोजन किया गया, जिसका अशोक शर्मा अध्यक्ष पुरातत्व बिस्मिल संग्रहालय के द्वारा हरी झंडी दिखाकर प्रारंभ किया। कार्यक्रम में विशेष रूप पूर्व सी.एम.एच.ओ डॉ.आर.सी बांदिल, जिला खाद्य अधिकारी भीम सिंह तोमर, एडवोकेट विजय सिंह एवं बीके रितिका में बीके भाग्यश्री बहन ने भाग लिया। राजयोगिनी बी.के रेखा बहन प्रभारी मुरैना ब्रह्माकुमारी केंद्र द्वारा बताया गया कि मेरा देश-मेरी शान कार्यक्रम के उपलक्ष में बाइक रैली के माध्यम से मुरैना के 64 योगिनी मंदिर का लगभग 15 बाइक और कार में बैठकर करीब 50 भाई बहनों ने मुरैना के अंचलों में भ्रमण किया। मितावली मंदिर जिसे की 64 योगिनी मंदिर भी कहा जाता है। मितावली ग्राम की ऊंची पहाड़ी पर निर्मित यहां मंदिर स्थानीय लोगों के बीच महादेव मंदिर के नाम से जाना जाता है। इस मंदिर की भू योजना विशिष्ट है तथा भारतवर्ष मैं प्राप्त चौसठ योगिनी मंदिरों की भूमि योजना के समान जिसमें प्राय मुख्य मंदिर के चारों ओर वृत्ताकार में देव प्रकोष्ठ होते हैं। मंदिर का प्रमुख द्वार पूर्व में है तथा इसके चारों निर्मित प्रकोष्ठ जिनके सामने स्तंभों पर आधारित बरामदा है बहुत छोटे-छोटे इन प्रकोष्ठ उनमें से कुछ में शिवलिंग विद्यमान है। मध्य में एक ऊंची गोल जग दीपक मुख्य मंदिर है जिसके गर्भ ग्रह में शिवलिंग स्थापित है। इन मंदिरों का निर्माण महाराज देव पाल द्वारा 1323 ईस्वी में कराया गया। यह मंदिर मुरैना की शान है, जिस प्रकार से यह मंदिर बना है लगभग उसी नक्शे के आधार पर हमारे देश के सर्वोच्च लोकसभा बाहरी नक्शा है। हमारे मुरैना की विरासत है जो कि मेरा भारत-मेरी शान के कार्यक्रम के अंतर्गत सभी भाई बहनों ने वहां पहुंचकर तिरंगा झंडा एवं शिव बाबा का झंडा फहराया।

## पुलिस ने अवैध रूप से रेत का उत्खन्न कर चोरी करने वाले लोडर ट्रेक्टर हाईड्रा किया जप्त



**कैलारस।** थाना चिन्नौंनी पुलिस ने चंबल नदी से रेत का अवैध उत्खनन कर चोरी करने वाले लोडर ट्रैक्टर हाईड्रा को जप्त कर आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस अधीक्षक अशुतोष बागरी, अति. पुलिस अधीक्षक राय सिंह नरवरिया एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) कैलारस संजय कोच्छा के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे अवैध उत्खन्न परिवहन के विशेष अभियान के अंतर्गत थाना प्रभारी चिन्नौंनी अविनाश सिंह राठौड को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि चौकी झुण्डपुरा के अंतर्गत आने बाले भर्रा, करजौनी चम्बल नदी घाट पर लोडर (हाईड्रा) द्वारा प्रतिबंधित चम्बल नदी के रेत का अवैध रूप से उत्खन्न कर रेत चोरी किया जा रहा है । उक्त सूचना पर कार्यवाही करते हुये थाना चिन्नौंनी पुलिस द्वारा अवैध रूप से उत्खन्न कर रेत चोरी करने बाले जोनडियर लोडर ट्रैक्टर को मौके से जप्त कर थाना चिन्नौंनी में अप.क्र. 85/22 धारा 379, 414 भादवि के अंतर्गत अपराध पंजीवद्ध कर विवेचना में लिया गया है । उक्त कार्यवाही में थाना चिन्नौंनी के थाना प्रभारी उनि अविनाश सिंह राठौड, आर. अजीत जाट, अर्जुन गुर्जर, लाखन जाधव आर. चालक विजेन्द्र गुर्जर की सराहनीय भूमिका रही।



## महाराणा प्रताप की जयंती पर आचार्य आनंद टीम और रोटरी ने इंसानियत के साथियों का किया सम्मान



**अम्बाह।** शौर्य, साहस, देश प्रेम और निष्पक्ष न्याय के प्रतीक महाराणा प्रताप की जयंती पर आचार्य आनंद टीम और रोटरी क्लब द्वारा पीपल चौराहा स्थित महाराणा प्रताप पार्क में पुण्यस्मरण एवं इंसानियत के साथियों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बीआरसी बिंदुसार सिंह तोमर थे, अध्यक्षता आनंद विभाग के जिला संपर्क समन्वयक बालकृष्ण शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में रोटरी क्लब के अध्यक्ष अंकित मिश्रा कीड़ा भारती के प्रांतीय पदाधिकारी अरविंद मावई, सूत्रधार राजेश सिंह तोमर और कार्यक्रम संयोजक समाजसेवी डॉ सुधीर आचार्य मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्पांजलि और दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। उपस्थितजनों को संचालक देव गुर्जर ने महाराणा प्रताप जी के जीवन परिचय से अवगत कराया। व्यवस्थापक महेंद्र सखवार ने इंसानियत के साथी के रूप में सम्मान पाने वाले युवा और बुजुर्गों का परिचय कराया। इस अवसर पर समाजसेवी डॉ सुधीर आचार्य ने बताया कि इंसानियत के साथियों का सम्मान भी किया गया है। सम्मानित युवा एवं बुजुर्ग दैनिक दिनचर्या में अत्यधिक श्रम शील कार्य करते हुए भी समाज सेवा करते हैं और इंसानियत की रक्षा करते हैं इस अवसर पर महाराणा प्रताप की न्याय प्रियता को ध्यान में रखते हुए इनका सम्मान किया जाना उचित है। इनमें से कोई फुटपाथ पर फूल बेचने का कार्य करता है लेकिन एक माला शहीदों को पहनाना अपना धर्म समझता है तो दूसरा व्यक्ति अपने काम पर जाने से पहले शहीद पार्क में झाड़ू लगाना पसंद करता है। कोई चिलचिलाती धूप में आगे बढ़कर परेशान व्यक्ति को पानी पिला देता है तो कोई भूखे को अपने ठेले से उठाकर फल खिला देता है।

# ऑक्सीजन प्लांटों का एसडीएम ने किया औचक निरीक्षण



**मुरैना।** प्रदेश के अन्य राज्यों में कोविड के मरीज बढ़ने लगे है, कभी-कभी मुरैना में भी 3 एवं 4 कोविड के मरीज मिले है। कोविड की चौथी लहर को रोकने के लिये, पॉजिटिव व्यक्तियों को समुचित ईलाज समय पर मिले, इसके लिये कलेक्टर बी.कार्तिकेयन ने जिले के समस्त एसडीएम को निर्देश दिये है कि ऑक्सीजन प्लांटों का निरीक्षण करें, ऐसा न हो कि कोविड की तीसरी लहर जाने के बाद ऑक्सीजन प्लांट बंद पड़े हों। कलेक्टर के आदेशानुसार एसडीएम मुरैना शिवलाल शाक्य ने सोमवार को जिला चिकित्सालय पहुंचकर ऑक्सीजन प्लांटों का अवलोकन किया। ऑक्सीजन प्लांट का अवलोकन करते समय उन्होंने प्रत्येक वार्ड, पलंग पर पहुंचकर उन्होंने ऑक्सीजन पॉइंट का अवलोकन किया, ऑक्सीजन आने की प्रक्रिया को भी देखा। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. विनोद गुप्ता, आरएमओ डॉ. महेश शर्मा सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे। एसडीएम ने कहा कि चौथी लहर आने की संभावना को ध्यान में रखते हुये स्वास्थ्य के क्षेत्र में हर व्यवस्थायें अपडेट रहें, विषम परिस्थितियों में उनसे लड़ने के लिये हमें अपडेट रहना चाहिये। भ्रमण के समय सिविल सर्जन डॉ. विनोद गुप्ता ने बताया कि कोविड की कितनी भी भयानक स्थिति बनें, उससे निपटने के लिये जिला चिकित्सालय में 400 पलंगों पर ऑक्सीजन 24 घंटे उपलब्ध करायी जा सकती है, इस प्रकार की व्यवस्थायें जिला चिकित्सालय में उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा ऑक्सीजन कंसटेटर 285, जम्बो ऑक्सीजन सिलेण्डर 350, एक एलएमओ प्आंट, 2 ऑकसीजन प्लांट सहित वेंटीलेटर 15 एवं नवीन भवन के तीनों फ्लोर पलंग सहित तैयार है। किसी भी प्रकार की कोविड परिस्थितियों से निपटने के लिये जिला चिकित्सलय अपने आप में सक्षम है।

# खाद्य तेल-तिलहन पर लागू की गई स्टॉक लिमिट पर जागरूकता हेतु 'चेम्बर भवन में बैठक आयोजित








**पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** खाद्य तेल-तिलहन के भण्डारण पर नियंत्रण को लेकर आज एक बैठक का आयोजन 'चेम्बर भवनक्क में सायं 4.30 बजे से किया गया। बैठक में खाद्य नियंत्रण अधिकारी-श्री ओ.पी. पाण्डे सहित श्री आर.एस. धाकरे व उनकी टीम के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में सर्वप्रथम अध्यक्ष-विजय गोयल ने अतिथियों का हार्दिक अभिनंदन करते हुए कहा कि तेल-तिलहन के स्टॉक सीमा संबंधी अधिसूचना में कई परिभाषायें स्पष्ट नहीं है, उनको स्पष्ट करने तथा इस संबंध में जो भ्रांतियां हैं और यह स्टॉक सीमा कब तक लागू रहेगी। इन सब परेशानियों को लेकर विगत दिवस जिलाधीश महोदय से चेम्बर पदाधिकारियों की मुलाकात हुई थी। जिलाधीश महोदय ने खाद्य नियंत्रण अधिकारियों को चेम्बर में बैठक करने हेतु निर्देशित किया गया था। उसी तारतम्य में आज की बैठक आयोजित की गई है। आशा है कि आज की बैठक में हम सभी की जिज्ञासाएं पूर्ण हो सकेंगी।

मानसेवी सचिव-डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि 27 अप्रैल को राज्य सरकार द्वारा नोटिफिकेशन जारी किया गया है। विगत दिवस जब इस नोटिफिकेशन के संबंध में जिलाधीश महोदय से मुलाकात हुई थी, तब कलेक्टर महोदय इस बात से सहमत थे कि जो पैकर्स हैं, वह मेन्युफेक्चरर्स की श्रेणी में आयेंगे। मध्यप्रदेश शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा केन्द्र सरकार को पत्र लिखकर यह अनुरोध किया है कि व्यापारियों को अधिसूचना अनुसार स्टॉक लिमिट में आने के लिए 30 दिवस का समय दिया जाये। राज्य शासन ने व्यापारियों की मांग को केन्द्र सरकार तक पहुंचाया है, यह प्रशंसनीय है। खाद्य नियंत्रण अधिकारी-श्री ओ.पी. पाण्डे ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा खाद्य तेल-तिलहन महंगे होने के कारण शासन द्वारा बंदिश लगाई गई है ताकि खेरीज/थोक/मैन्यूफेक्चरर्स खाद्य तेलों की जमाखोरी नहीं कर सकें और उपभोक्ता को उचित दामों पर खाद्य तेल-तिलहन प्राप्त हो सके। यह स्टॉक लिमिट 31 दिसम्बर,2022 तक लागू की गई है। आपने बताया कि फुटकर व्यापारी 30 क्विंटल तक तेल का स्टॉक रख सकता है, वहीं थोक व्यापारी 100 क्विंटल तक तेल का स्टॉक रख सकता है। वहीं तिलहन का स्टॉक फुटकर व्यापारी के लिए 500 क्विंटल व 2000 क्विंटल थोक व्यापारी के लिए रखा गया है। वहीं मिलर्स/प्रोसेसर के लिए उनके प्रतिदिन के स्टॉक अनुसार 90 दिन का स्टॉक रखने की सीमा तय की गई है।

बैठक में उपस्थित व्यापारियों ने जानकारी चाही कि अधिसूचना में पैकर्स का उल्लेख नहीं किया गया है कि वह किस श्रेणी में आयेंगे। इस पर खाद्य नियंत्रण अधिकारी-श्री पाण्डे ने कहा कि इसको स्पष्ट करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा शासन से स्पष्टीकरण चाहा गया है। स्पष्टीकरण आने तक कार्यवाही में शिथिलता रहेगी। आपने कहा कि शासन की मंशा अनुसार व्यापारी शीघ्रातिशीघ्र अपनी स्टॉक सीमा को मेंटेन कर लें। व्यापारियों को दैनिक स्टॉक पंजी का निर्धारण करना है। इसका आपको रजिस्टर मेंटेन करना है। दैनिक भावसूची प्रदर्शित करना है। व्यापारी शीघ्रातिशीघ्र अधिसूचना अनुसार कार्यवाही कर लें। बैठक में कार्यकारिणी समिति सदस्य सर्वश्री ओमप्रकाश अग्रवाल, राजेश बांदिल 'मनीषक्क दीपक अग्रवाल, अजय सप्रा, उदयराज गोयल सदस्यगण-सर्वश्री दिलीप पंजवानी, महेन्द्र साहू, सेवाराम तनेजा, महेश लालवानी, गौरव अग्रवाल, राजकुमार सोमनानी, मनीष वलेचा, मोहित गोयल, कन्हैयालाल अग्रवाल, मनीष खत्री, नितिन अग्रवाल, अजीत कुमार जैन, दीपक गुप्ता, श्यामलाल तनेजा, जितेन्द्र तनेजा, संजय तनेजा, राकेश गुप्ता, हेमंत गुप्ता, विक्की पमनानी, नवीन तलरेजा, मनीष मोटवानी, राम अरोरा, कमल जोतवानी, राजीव गोयल आदि उपस्थित रहे।

## डॉ. एमएस ओझा की पुण्य तिथि मनाई गई



**पुष्पांजली टुडे**

**अम्बाह** - अम्बाह पीजी कॉलेज अम्बाह के भूगोल विभाग में प्राध्यापक एवम विभागाध्यक्ष रहे डॉ. एमएस ओझा की 13वीं पुण्य तिथि भूगोल विभाग में मनाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शिवराज सिंह तोमर ने स्वर्गीय डॉ.ओझा के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धाजंलि दी और उपस्थित सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि डॉ. ओझा न केवल एक सच्चे इंसान थे, वे भोगोल विषय के बड़े विद्वान थे। उनके निर्देशन में बहुत से विद्यार्थियों ने अपना शोध कार्य किया जो आज अन्यान्य कॉलेज में प्रोफेसर्स हैं। महाविद्यालय आपके योगदान को सदैव स्मरण रखेगा। इस अवसर पर डॉ. दिनेश रावत, डॉ. राजुकमार सिंह तोमर, डॉ. आरआर सिलाधिया, प्रो व्ही मेडेकर सहित स्टाफ के सदस्य मौजूद रहे।

## रोटरी क्लब एटा ने वृद्धाश्रम मे धूम धाम से मनाया मातृत्व दिवस



**पुष्पांजली टुडे**

एटा रोटरी क्लब एटा द्वारा कासगंज रोड स्थित वृद्धाश्रम पर मातृत्व दिवस धूम धाम से मनाया वहाँ सभी माताओ द्वारा सर्वप्रथम केक कटवाया उसके बाद वहां रहने वाले सभी माताओ और पुरुषों को वस्त्र वितरण किये एवं सभी को स्वादिस्ट भोजन कराया एवं शीतल पेय् वितरित किया । वहाँ रहने वाली सभी माताएं इस कार्यक्रम से बहुत प्रसन्न हुई और उन्होंने रोटरी क्लब के सभी मेंबर्स को ढेर सारा आशीर्वाद दिया ।इस कार्यक्रम मे ब्रजक्षेत्र मंत्री श्री हेमंत राजपूत जी भी शामिल हुए ।कार्यक्रम सयोंजक श्री वरुण वार्ष्णेय जी ने बताया कि रोटरी क्लब एटा समाज की सेवा के लिए हर वक़्त तैयार है । इस अवसर पर रोटरी क्लब अध्यक्ष श्री नीरज गुप्ता ,सचिव श्री सौरभ कुमार ,कोषाध्यक्ष श्री सचिन गुप्ता , साजन देव वार्ष्णेय, हिमांशु कुलश्रेष्ठ , प्रशांत गुप्ता, प्रसून वार्ष्णेय, अनुज गुप्ता, अंकुर जैन, आकाश जैन, अमर कौशिल्यांन , अनंत गुप्ता आदि रोटरियन उपस्थित हुए।

## अंबाह मैं भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ एवं युवा मोर्चा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान समारोह किया गया

**गणेश शंकर राजोरिया**
**पुष्पांजलि टुडे**

**अंबाह।** MLD कोचिंग इंस्टिट्यूट अम्बाह के संचालक श्री आर. एस. राठौर के द्वारा भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ एवं युवा मोर्चा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान समारोह किया गया जिसमें मुख्य रूप से श्री विक्रम सिकरवार जी (प्रदेश सह संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ भाजपा), श्री गोलू भदोरिया जी (जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा मुरैना ), श्री धीरज पचौरी जी (जिला महामंत्री युवा मोर्चा), श्री राजू तोमर (जिला मंत्री युवा मोर्चा), श्री अविनाश शर्मा जी (जिला मीडिया प्रभारी युवा मोर्चा), श्री आकाश तोमर जी (भाजपा किसान मोर्चा विधानसभा मीडिया प्रभारी अंबाह), श्री आकाश तोमर जी (युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष थरा),श्री राहुल गुप्ता (पूर्व नगर मंत्री इ्ड्ढ1श्च पोरसा) आदि पदाधिकारियों का भव्य स्वागत किया गया जिसमें प्रमुख रुप से श्री उमेश राठौर जी (संरक्षक जीनियस कान्वेंट स्कूल), श्री नूतन श्रीवास्तव जी (सह मीडिया प्रभारी भाजपा) नीरज राठौर (सोशल मीडिया प्रभारी भाजपा), श्री मुकेश कटारे जी, श्री दीपक राठौर,मनु तोमर, अमन राठौर, विकास राठौर,सोमनाथ राठौर गौरव भदौरिया, मनीष राठौर, श्यामू शर्मा, निखिल राठौर आदि लोग उपस्थित रहे।

## अम्बाह मैं लाडली लक्ष्मी योजना पार्ट 2.0 का शुभारंभ किया गया






**गणेश शंकर राजोरिया**
**पुष्पांजलि टुडे**

**अंबाह।** अंबाह जनपद पंचायत में लाडली लक्ष्मी योजना पार्ट 2.0 का शुभारंभ किया गया इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री श्री गिर्राज दंडोतिया ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा शुरू की गई लाडली लक्ष्मी योजना प्रदेश की सभी लाडली बेटियों के लिए कारगर साबित हुई है। उन्होंने कहा कि इस योजना ने माता-पिता को बेटी की पढ़ाई और शादी की चिंता से मुक्त किया है। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा बालिकाओं को हर क्षेत्र में सक्षम बनाने एवं आत्मनिर्भर भारत में सहयोग देने में कोई कसर नहीं छोड़ी है इस कार्यक्रम मैं ऊर्जा मंत्री गिर्राज दंडोतिया,एसडीएम श्री राजीव समाधिया, नगर पालिका सीएमओ रामनिवास शर्मा जनपद पंचायत अधिकारी कर्मचारियों ने लाड़ली लक्ष्मी योजना के लिए पूर्ण व्यवस्था की जिसमें उन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया एवं लाडली लक्ष्मीयों के साथ आये माता पिता का भी सम्मान और स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई कार्यक्रम का संचालन बीआरसी श्री बिंदुसार सिंह तोमर ने किया इसमें अंबाह के वरिष्ठ जन उपस्थित रहे जिनमें गजेंद्र सिंह तोमर , कविंद्र सिंह तोमर, बच्चू लाल गुप्ता, श्रीमती कंचन चौहान ,बल्ली तोमर और कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे है।

## मुरैना एसपी आशुतौष बागरी की एक और सफलता पुलिस टीम पर हमला करने वाले 30,000/- के इनामी स्याही की टेक के जंगल से किया गिरफ्तार

**केशब पंडित जी अम्बाह...**

**मुरैना...** एसपी आसुतोष बागरी के मात्र 65 दिन में गुण्डे मबाली माफियो में खलबली मची हुई है जिला छोड कर जमीदोज होगये गुण्डे कल्ली गुर्जर जो शिबपुरी पुलिस को तलाश थी मुरैना पुलिस ने गिरोह का ही खात्मा कर दिया पुलिस गुण्डो को चुन चुन पकड कर जेल की चार दीबारी भेज रही है कल्ली गिरोह को पकडकर अब हमलाबर शराणार्थी भी पुलिस के सिकंन्जे मे है ग्राम स्याही की टेक में पुलिस व प्रसाशन की टीम पर हमला किया गया था जिस पर से थाना पहाडगड पर अपराध क्रमांक 64/22 धारा 353, 186,447, 147 ता.हि. का कायम कर विवेचना में लिया गया आज दिनांक 09.05.22 को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि उक्त अपराध के आरोपी स्याही की टेक के जंगल की तरफ वाहर भगने की फिराक में है जिन्हें फोर्स की मदद से घेरावन्दी कर स्याही की टेक के जंगल से गिरफ्तार किया



**सराहनीय भूमिका:** उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कैलारस श्री वेदेन्द्र सिंह कुशवाह व उनकी टीम, थाना प्रभारी पहाडगढ धर्मेन्द्र सिंह गौर,उनि. सचिन कुमार पटेल (सायबर सैल प्रभारी) सउनि घमण्डी सिंह, पआर.रविन्द्र दुबे, प्रआर.देवेन्द्र सिंह, प्रआर.भैरो सिंह,आर.प्रदीप जाट, आर.अर्जुन, आर.अजीत जाट आर.संजीव,आर.हरेन्द्र, आर.रछपाल, आर.भमरसिंह, प्रआर.नरेश बाथम, रामपुर थाना प्रभारी अरूण कुशवाह व उनकी टीम,की सराहनीय भूमिका रही।

## बेहटा में विशाल कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ 51 कुडीय महायज्ञ

### कलयुग के प्रभाव से गौ माता पर आये संकट निवारण के लिये हो रहा यज्ञ-सन्तोष चौहान



**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**लहार-** रावतपुरा सरकार के समीप स्थीत ग्राम वेहटा के सिद्ध बाबा आश्रम पर गौ माता पर आये प्राणघातक संकट निवारण एवं विश्व कल्याण के लिये हो रहे यज्ञ की सोमवार को कलश यात्रा निकाली गई।आश्रम के संत विद्यातीर्थ महाराज ने पहुज नदी से देव आवाहन करके कलशो मे जल भरा यज्ञ आचार्य पंकज शास्त्री एवं भागवत आचार्य पं आशोक शास्त्री ने कलश पुजन करवाया।यज्ञ पारिक्षत जय-नारायण सिंह वुन्देला कलश एवं भागवत पारीक्षत रामूर्ति-जयनारायण वुन्देला भागवत पुराण धारण करके यात्रा मे चले यात्रा मे 101 महिलायो ने कलश धारण किये।इस दौरान सैंकड़ो भक्त नचते गाते यत्रा मे चल रहे थे गाजे वाजे के साथ निकली कलश यात्रा का गावं मे लोगो ने आपने आपने द्वार पर पूजन किया।सन्तोष चौहान ने बताया कि यज्ञ प्रतीदिन सुवह 8 बजे से 11 बजे तक चलेगा 12 बजे से भागवत कथा होगी रात्री मे रामलिला का आयोजन होगा।वहीं इस यज्ञ में कथा व्यास पण्डित श्री अशोक चौबे शास्त्री के मुखारबिंद से अमृत की वर्षा होगी वहीं यज्ञाचार्य पण्डित पंकज शास्त्री जी हैं।कथा का समापन 17 मई 2022 को होगा वहीं हवन पूर्णाहुति एवम भण्डारा बुधवार 18 मई 2022 को होगा।

# वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई

**संतोष सिंह भदोरिया**
**दैनिक पुष्पांजलि टुडे न्यूज़**

**गोरमी/** मातृभूमि की स्वाधीनता के लिए अपना संपूर्ण जीवन अर्पण करने वाले वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की जयंती भारत माता के सच्चे सपूत महाराणा प्रताप सिंह की जयंती पर क्षत्रिय समाज के लोगों द्वारा बड़ी धूमधाम से मनाई गई जिन्होंने कभी घास से बनी रोटी खाने का विकल्प चुना लेकिन कभी भी अपना धर्म और अपना अभिमान अकबर को नहीं दिया। अपनी मातृभूमि के लिए आखिरी सांस तक बहादुरी से लड़ने वाले ऐसे शख्स को प्रणाम।









जय हो वीरशिरोमानी महाराणा प्रताप की क्षत्रिय महासभा के लोगों ने गोरमी से 5 किलोमीटर दूर कुटराली ग्राम तक एक बाइक रैली निकाली गई । जिसमें श्री राष्ट्रीय छतरी महासभा अखंड भारत के प्रदेश मीडिया प्रभारी संतोष सिंह भदोरिया के नेतृत्व में बाइक रैली डीजे साउंड के साथ बड़ी धूमधाम से निकाली गई।

क्षत्रिय समाज के लोगों ने इसके अलावा नगर के धीर सिंह महाविद्यालय प्रांगण में भी एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में क्षत्रिय समाज के लोग मौजूद थे इसमें क्षत्रिय समाज की प्रतिभाओं का सम्मान भी किया गया बाइक रैली मैं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के सभी क्षत्रिय बंधु दो सैकड़ा से ज्यादा लोग उपस्थित रहे क्षत्रिय समाज में मुख्य रूप से रणवीर सिंह परमार मुकेश सिंह भदोरिया कुलदीप सिंह परिहार करूं सिंह परिहार संदीप सिंह परिहार आशीष सिंह परिहार शेरू परिहार रवि सिंह भदोरिया रवि भदौरिया अजय परिहार सोनू भदोरिया वकील सिंह भदोरिया गब्बर तोमर उदय भान भदोरिया हरिओम भदोरिया हरिओम परिहार कुलदीप सिंह भदोरिया सनी सिंह भदोरिया एवं सभी छत्रिय समाज के लोग उपस्थित रहे

# मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई के साथ मिलेंगी चिकित्सा-विशेषज्ञों की सेवाएँ: मुख्यमंत्री

- मंदसौर के बाद अब नीमच में भी शीघ्र होगा मेडिकल कॉलेज का भूमि-पूजन
- दलौदा को बनाया जाएगा नगर पंचायत
- शिवना नदी को प्रदूषण मुक्त करने बनेगी कार्य-योजना
- समाज को साथ लेकर किया जाएगा शिवना नदी का शुद्धीकरण
- मुख्यमंत्री ने मंदसौर में किया मेडिकल कॉलेज का भूमि-पूजन




**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंदसौर जिले में केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त अंशदान से 270 करोड़ 59 लाख रूपए की लागत से निर्मित होने वाले मेडिकल कॉलेज का भूमि-पूजन किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि एक संसदीय क्षेत्र में 3 मेडिकल कॉलेज बन रहे हैं। यह मेडिकल कॉलेज क्षेत्र के लिए वरदान साबित होंगे। इन मेडिकल कॉलेजों में श्रेष्ठ डॉक्टरों की टीम द्वारा उपचार किया जाएगा। मेडिकल कॉलेज को बनाने के लिए तीन अलग-अलग जगह पर 73 हजार वर्ग मीटर से अधिक जमीन का चयन किया गया है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि शहर में स्वास्थ्य सुविधा को बढ़ावा देने के लिए मेडिकल कॉलेज मील का पत्थर साबित होगा। आगामी 3 वर्ष में मेडिकल कॉलेज बनकर तैयार हो जाएगा। इसके बाद जिले के नागरिकों को इलाज के लिए उदयपुर, अहमदाबाद, इंदौर जैसे बड़े शहरों में नहीं जाना पड़ेगा। जिले की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ मिलेंगी। मेडिकल कॉलेज में ट्रामा सेंटर, न्यूरो एक्सपर्ट की व्यवस्था भी होगी, जिससे नागरिकों को कम से कम खर्च में बेहतर उपचार मिल सकेगा। साथ ही शहर में आर्थिक गतिविधियाँ तेजी से बढ़ेंगी।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि पशुपतिनाथ की नगरी में शिवना नदी के शुद्धिकरण का अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए कार्य-योजना बनाकर राशि भी उपलब्ध कराई जायेगी। उन्होंने इस पुनीत कार्य में समाज की भागीदारी सुनिश्चित करने का आहवान किया।

### मुख्यमंत्री ने की ई-रिक्शा की सवारी

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने गनेड़ीवाल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा प्रदान किए गए 50 ई-रिक्शा जरूरतमंद महिलाओं को प्रदान किये। साथ ही आरटीओ विभाग द्वारा तैयार किए गए लाइसेंस एवं बीमा संबंधी दस्तावेज महिलाओं को सौंपे। मुख्यमंत्री श्री चौहान जन-प्रतिनिधियों के साथ ई-रिक्शा की सवारी कर मंच तक पहुँचे। स्व-रोजगार के लिए महिलाओं को उपलब्ध कराये गये ऑटो ई-रिक्शा का प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने ट्रस्ट की इस पहल की सराहना की।

### माँ के चरणों में सब प्रणाम करें, माँ से बड़ी कोई दौलत नहीं

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सभी को मदर्स-डे की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि माँ के चरणों में सब प्रणाम करें। माँ से बड़ी कोई दौलत नहीं है। जब कोई वृद्धाश्रम खोलने की बात करता है तो मुझे बहुत तकलीफ होती हैं। यह पश्चिमी सभ्यता की देन है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में कानून बना दिया गया है कि सक्षम होते हुए भी जो लोग माता-पिता की सेवा और देखभाल नहीं करते हैं, उन पर जुर्माने के साथ जेल भेजने का प्रावधान है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बेटा-बेटियों में कोई भेदभाव न करें। सबको आगे बढ़ने का समान अधिकार दें। प्रदेश में महिला सशक्तिकरण का अभियान चलाया जा रहा है। पोषण आहार बनाने का कार्य अब ठेकेदार नहीं करेंगे, उनके स्थान पर स्व-सहायता समूह की महिलाओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। पोषण आहार निर्माण के लिए 8 फैक्ट्री खोली हैं। इनका संचालन भी महिला समूह कर रही हैं। मुख्यमंत्री श्री कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए उन्हें राशन वितरण, फसल खरीदी के साथ स्कूलों के गणवेश तैयार करने का कार्य दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बड़ी तादाद में महिला समूहों द्वारा स्थानीय उत्पाद तैयार किये जा रहे हैं। उनके उत्पादों को मार्केट उपलब्ध कराने का कार्य भी राज्य सरकार कर रही है।



## अंबाह मैं अतिक्रमण करने वालों सावधान अगले आप भी हो सकते हो बुलडोजर तैयार प्रशासन चुस्त और दुरस्त कोई नही टक्कर मैं

गणेश शंकर राजोरिया
पुष्पांजलि टुडे

**अंबाह।** अंबाह मैं डीएवी स्कूल मैं संचालित लाडली उद्यान मैं अवैध रूप से मेरिज होम चल रहा था जिसे प्रशासन ने तोड़ दिया इसमें मुख्य रूप से तहसीलदार राजकुमार नागोरिया, नगरपालिका सीएमओ रामनिवास शर्मा एवं थाना प्रभारी रविंद्र सिंह की अहम भूमिका रही आगे मामला यह था कि डीएवी स्कूल मैं लाडली उद्यान परिसर मैं विगत कुछ वर्षो से अवैध रूप से मेरिज होम चल रहा था जिसकी शिकायत स्कूल कमेटी ने की थी लेकिन प्रशासन कुछ कार्यवाही करता उससे पहले ही मैरिज होम संचालक रवि तोमर ने हाईकोर्ट की शरण लेकर कार्यवाही को रुकवा दिया लेकिन जब हाईकोर्ट का फैसला अवैध अतिक्रमण को तोड़ने को लेकर आया तो प्रशासन ने देरी न करते हुए अवैध अतिक्रमण को तोड़ दिया । अभी भी अतिक्रमण करने वाले सभी लोग सावधान हो जाइए क्यों की अगला नंबर आपका भी हो सकता है । मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की सख्ती के बाद अवैध कब्जाधारियों की शामत आ गई है. जिला प्रशासन का बुलडोजर अवैध निर्माण पर लगातार चल रहा है. इस दौरान करोड़ों की शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जा रहा है. प्रशासनिक अमला अवैध कब्जा के खिलाफ कार्रवाई करने में जुटा है।

## जिला अस्पताल शिवपुरी मैं नर्सो एवं सफाई कर्मचारी को आगजनी की घटनाओं से बचने के लिए दिया प्रशिक्षण



अनिल कुशवाह ब्युरो
पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी-** गर्मीओ के मौसम मैं लगातार आगजनी की घटनाये सुनने को मिल रही हैं अभी हाल ही मैं भी हार्डवेयर के गोदाम मैं आग लगने की घटना हुई थी इन सब बातों को ध्यान मैं रखते हुए आज दिनांक 09/05/2022 को जिला चिकित्सालय शिवपुरी में सिविल सर्जन डॉ. रामकुमार चौधरी, आरएमओ डॉ. संतोष पाठक एवं उपप्रबंधक डी. साकेद सक्सैना के नेता एम.एच. कॉडनेटर श्रीमती ज्योत्सना डीन एवं श्रीमती रीनू विजयकर द्वारा जिला चिकित्सालय शिवपुरी में कार्यरत स्टाफ नर्सों एवं सफाईकर्मी को आगजनी घटनाओं से निपटने के लिए फायर सबंधी प्रशिक्षण दिया गया। आगजनी घटनाओं के निपटने के लिए कर्मचारियों को समझाईश दी गई कि आग को कैसे बुझाते है और आग लगने पर बाहर कैसे निकलते है

## जबलपुर बीएड करने भोपाल आई तलाकशुदा महिला के साथ टीचर ने किया बलात्कार

**भोपाल।** राजधानी के कमला नगर थाना इलाके में जबलपुर से बीएड की पढ़ाई करने भोपाल आई तलाकशुदा महिला के साथ टीचर द्वारा बलात्कार किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता आरोपी टीचर के मकान में किराए से रहती थी। दुष्कर्म की यह घटना करीब 2 साल पुरानी है विनीता ने इसकी शिकायत अब कमला नगर पुलिस से की है। पुलिस के अनुसार 39 साल की महिला ने अपनी शिकायत में बताया कि वह जबलपुर की रहने वाली है। और पूर्व में उसकी शादी हो चुकी थी, लेकिन पारिवारिक कारणों के चलते उसका अपने पति से तलाक हो गया था। जून 2019 में वह बीएड करने जबलपुर से भोपाल आई थी।



## शिविर में बनाए गए फ्री हेल्थ कार्ड

**भोपाल।** बजरंग सेना समिति द्वारा माँ काली मंदिर हलालपुर लालघाटी भोपाल में निःशुल्क हेल्थ कार्ड शिविर लगाकर लोगों के हेल्थ कार्ड बनाकर उन्हे हेण्ड टू हेण्ड दिये गये। बजरंग सेना समिति के अध्यक्ष कमलेश देवानी ने बताया कि हेल्थ कार्ड प्राप्त होने के बाद देश के किसी भी कोने में अपना इलाज करवा सकते है। इसके लिए नागरिको को पर्ची या जांच रिकार्ड की आवश्यकता नही होगी। मरीज की सभी जानकारी हेल्थ कार्ड में उपलब्ध होगी।

सेवाऐं देने वालो में बजरंग सेना समिति के अध्यक्ष कमलेश देवानी, उपाध्यक्ष राज बिजोरिया, अर्चक पुरोहित, राज कुमार गर्ग, सचिव राजेश केवलानी, जगदीश सांवले, आत्माराम सूर्यवंशी, प्रीति घेंघट, शिवानी शर्मा एवं प्रांजल शर्मा उपस्थित थे।

## मुरार क्षेत्र में अभियान चलाया अभियान, अतिक्रमण हटाकर यातायात को किया सुगम

पुष्पांजली टुडे

**ग्वालियर** - नगर निगम ग्वालियर के मदाखलत अमले द्वारा आज सोमवार को मुरार बारादरी सदर बाजार में अभियान चलाकर अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई तथा यातायात को सुगम किया गया। इसके साथ ही पैदल मार्च निकालकर अतिक्रमणकारियों को अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी गई।





मदाखलत अधिकारी ग्वालियर पूर्व श्री शैलेंद्र सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशन में शहर को यातायात के लिए सुगम बनाने हेतु एवं शहर की साफ सफाई व्यवस्था व सुंदरीकरण के उद्देश्य से निगम के मदाखलत अमले द्वारा निरंतर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है जिसके तहत आज सोमवार को बारादरी से सदर बाजार होते हुए तिकोनिया तक अभियान चलाकर दुकानों के बाहर रखे सामान एवं अस्थाई अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान यातायात डीएसपी श्री विक्रम कनपुरिया, मुरार थाना प्रभारी श्री शैलेन्द्र भार्गप सहित क्षेत्र के पुलिस अधिकारी एवं पुलिस बल के साथ ही मदाखलत निरीक्षक सुगर सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं अमला मौजूद रहा।

## वन-विभाग के चैकिदारो पर हुये प्राणघातक हमले के आरोपी गिरफ्तार

### थाना नजीराबाद पुलिस ने सीहोर, विदिशा से गिरफ्तार कर सनसनीखेज मामले का किया खुलासा

**भोपाल।** 01 मई को फरियादी पर्वतसिंह पिता भारतसिंह गुर्जर उम्र 25 साल निवासी ग्राम भमौरा वन विभाग चैकीदार ने थाना नजीराबाद पर रिपोर्ट की, कि दिनांक 30.04.22 के रात्रि 08 बजे ग्राम कोटरा के जंगल में अज्ञात आरोपीयों ने बंदूक से फायर व चाकू से प्राण घातक हमला कर चोट पहुंचाई जिस थाना नजीराबाद में अज्ञात आरोपियो के विरूद्ध प्राणघातक हमला करने का मामला दर्ज किया गया। उक्त घटना की गंभीरता को देखते हुये इरशाद वली, पुलिस महानिरीक्षक देहात जोन भोपाल के मार्गदर्षन मे किरणलता केरकेट्टा पुलिस अधीक्षक (देहात), निर्देशों के पालन के0के0 वर्मा अनु0अधि0पुलिस बैरसिया के नेतृत्व मे दो पुलिस टीम थाना बैरसिया, गुनगा, नजीराबाद पुलिस की अलग-अलग टीमे गठित कर अज्ञात आरोपियो की पतारसी हेतु पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर टेक्निकल डाटा प्राप्त कर डाटा का विषलेषण कर कुछ संदेही नम्बर संकलित कर तस्दीक की गई तस्दीक पर पुलिस टीम द्वारा संदेही मोहसिन खानं उर्फ मोसिम खां पिता ईषाक खां निवासी ग्राम गोंडीपुरा थाना बैरसिया को हिरासत मे लेकर पूछताछ की गई जिसने पुलिस को गुमराह किया परंतु प्राप्त टेक्निकल डाटा के आधार पर सख्ती से पूछताछ पर संदेही मोहसिन उर्फ मोसिम द्वारा बताया गया कि खालिद एवं वकिल दोनो षिकार खेलने जंगल गये थे वन-विभाग के चैकीदारो द्वारा मना करने पर खालिद व वकिल ने उन पर बंदूक व चाकू से प्राणघातक हमला किया तथा मैने व बबलू खान ने उनका सहयोग करना स्वीकार किया बाद संदेही मोहसिन उर्फ मोसिन को गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड प्राप्त कर आरोपी मोहसिन उर्फ मोसिम की निषादेही पर आरोपी बबलू खान पिता फिरोज खान उम्र 27 साल निवासी ग्राम सलेपुर थाना अहमदपुर, सीहोर को उसके गांव सलेपुर एवं आरोपी खालिद खां पिता ईषाक खां उम्र 25 साल निवासी ग्राम गोंडीपुरा थाना बैरसिया, वकिल पिता अकिल खां उम्र 21 साल निवासी ग्राम गोंडीपुरा थाना बैरसिया को ग्राम महू (सिरोंज) विदिषा से गिरफ्तार कर घटना मे प्रयुक्त की गई दो मोटर साईकिले जप्त की गई।



## राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने परसवाड़ा में किया रानी दुर्गावती प्रतिमा का अनावरण

### आयुष मेला एवं प्रदर्शिनी भी लगी

**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि जनजाति बाहुल्य क्षेत्र में आयुष मेलों का आयोजन ग्रामीण जनता के लिए उपयोगी साबित होगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा दूरस्थ अंचलों में जनजाति परिवारों को पक्के मकान, बिजली, उज्ज्वला जैसी कल्याणकारी योजनाओं से जीवन-स्तर को सुधारने के निरंतर प्रयास किये जा रहे है। राज्यपाल ने कहा कि मध्यप्रदेश की वन सम्पदा औषधियों से सम्पन्न है। राज्यपाल पटेल आज परसवाड़ा में आयुष स्वास्थ्य मेले के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आयुष मेलों और शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय जबलपुर के छात्रों द्वारा किये गये योगाभ्यास प्रदर्शन की भी तारीफ की। राज्यपाल श्री पटेल ने अपने शुरूआती राजनैतिक जीवन के दिनों का स्मरण करते हुए बताया कि गुजरात में सिकलसेल एनीमिया की बीमारी से एक बच्चे की जान चली गई थी। इससे व्यथित होकर उन्होंने सिकलसेल के मरीजों के पहचान कर उनके समुचित ईलाज का बीड़ा उठाया। अब इस कार्य को मध्यप्रदेश में भी प्रभावी तरीके से लागु किये जाने पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के 21 विश्वविद्यालयों को 5-5 गाँवों देकर वहाँ के परिवारों की स्वास्थ्य जाँच करने का कार्य सौंपा है। उन्होंने कहा कि कई असाध्य बीमारियों का ईलाज हमारे वनों की औषधियों में छुपा है। राज्यपाल श्री पटेल ने आयुष विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल और प्रदर्शिनी का अवलोकन भी किया।(भोपाल) राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने परसवाड़ा में किया रानी दुर्गावती प्रतिमा का अनावरण राज्य मंत्री रामकिशोर कांवरे ने अपने संबोधन में कहा कि इन मेलों से जनजाति बहुल क्षेत्रों की वन औषद्यियों की मार्केटिंग कर रोजगार दिलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सिकलसेल से पीड़ित परिवारों को राज्य सरकार पेंशन की सुविधा दे रही है। प्रदेश में जन-सामान्य में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिये करीब 4 करोड़ लोगों को त्रिकटु चूर्ण का वितरित किया गया। प्रदेश में 362 वेलनेस सेंटर बना कर तैयार किये गये है। इनमें 1500 लोगों को योग प्रशिक्षक बनाकर रोजगार देने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के आयुष ग्राम में प्रत्येक परिवार के हर सदस्य का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनका स्वास्थ्य कार्ड बनाया जा रहा है।

## सामाजिक परिवर्तन का अभियान बना लाड़ली लक्ष्मी योजना: शर्मा

### प्रदेश अध्यक्ष ने लाड़ली लक्ष्मी 2.0 का शुभारंभ करने पर मुख्यमंत्री को दिया धन्यवाद

**विदिशा।** समाज में कभी बेटियों को अभिशाप माना जाता था, लेकिन बेटियों को वरदान बनाने का काम मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया है। आज मध्यप्रदेश में 42 लाख से अधिक बेटियां लाड़ली लक्ष्मी योजना से लाभान्वित हुई हैं। लाड़ली लक्ष्मी सिर्फ योजना नहीं बल्कि सामाजिक परिवर्तन का अभियान बना है। लाड़ली लक्ष्मी बेटियां मध्यप्रदेश को आगे ले जाने का काम करेंगी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को धन्यवाद है जिन्होंने बालिका सशक्तिकरण की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए लाड़ली लक्ष्मी योजना 2.0 का शुभारंभ किया है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त



शर्मा ने रविवार को लाड़ली लक्ष्मी उत्सव कार्यक्रम में कही। प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा लाल परेड ग्राउंड में आयोजित लाड़ली लक्ष्मी उत्सव में विदिशा से वर्चुअली शामिल हुए थे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश अध्यक्ष ने कन्या पूजन के साथ किया।

### लाड़ली लक्ष्मी बेटियां समाज की ताकत

विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने सामाजिक परिवर्तन का अभियान शुरू किया है। मध्यप्रदेश से शुरू हुआ बेटी बचाओ अभियान पूरे देश में बालिका सशक्तिकरण की पहचान बन चुका है। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ अभियान को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने आगे बढ़ाते हुए इसे बेटियों की शिक्षा से जोड़ा। आज 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान देश की आधी आबादी की ताकत बना है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में लाड़ली लक्ष्मी योजना ने कन्या शिशु के प्रति समाज के नजरिये में परिवर्तनकारी बदलाव लाने का काम किया है। आज प्रदेश में 42 लाख से अधिक लाड़ली लक्ष्मी बेटियां समाज की ताकत बनकर खड़ी हैं।

## अति आवश्यक कार्य होने पर ही दोपहर में घर से बाहर निकलने की अपील

**भोपाल।** वर्तमान समय में तापमान में तेजी से वृद्धि हुई है, गर्म हवाएं चलने लगी हैं, जिसके कारण लू लगने की आशंका बढ़ गई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लू से बचने के लिए जन सामान्य को दोपहर में ज्यादा समय तक घर में रहने एवं अनावश्यक बाहर ना निकलने की अपील की गई है। आमजन दोपहर में अति आवश्यक कार्य होने पर ही घर से बाहर निकलें। स्वास्थ्य विभाग ने आम लागों को सलाह दी है कि घर से बाहर निकलते समय पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं, खाली पेट घर से बाहर न जायें, इससे लू लगने का खतरा बढ़ जाता है । दिन में कम से कम 12 से 15 गिलास पानी जरूर पियें । लू से बचाव के लिए देशी घरेलू उपाय आम का पना, नीबू का पानी एवं प्याज के रस का उपयोग करें। बाहर निकलते समय सूती कपड़े से चेहरा और सर ढक्कर रखें तथा पानी साथ में जरूर रखें ।

# थाना इंदरगंज पुलिस ने दिन दहाड़े सनसनीखेज लूट का किया खुलासा

## 12 घण्टे के अंदर किया पर्दाफाश, पुलिस ने लूट के दोनों आरोपियों को किया गिरफ्तार

### पकड़े गये दोनों आरोपियों के विरूद्ध शहर के विभिन्न थानों में गंभीर किस्म के एक दर्जन से अधिक अपराध पंजीबद्ध हैं

ग्वालियर। सराफा बाजार से खरीदारी कर एक्टिवा से लौट रहे दम्पत्ति के साथ दिन दहाड़े लूट की घटना घटित हुई। उक्त लूट की घटना को गंभीरता से लेते हुए *वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघी,भापुसे* द्वारा *अति. पुलिस अधीक्षक शहर (दक्षिण) श्रीमती मृगाखी डेका,भापुसे* को पुलिस की टीम बनाकर उक्त लूट की घटना कारित करने वाले आरोपियों की पतारसी कर लूटा गया शतप्रतिशत माल मशरूका बरामद करने के निर्देश दिये। अति. पुलिस अधीक्षक शहर (दक्षिण) के निर्देश पर उक्त लुटेरों को पकड़ने के लिये पुलिस की तीन टीमें बनाई गई।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार *सीएसपी इन्दरगंज श्री विजय भदौरिया* के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी इन्दरगंज निरीक्षक अनिल सिंह भदौरिया के नेतृत्व में बनाई गई पुलिस टीमों को लूट के आरोपियों की धरपकड़ हेतु लगाया गया। पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल के आसपास के सीसीटीव्ही फुटेज को भी देखा गया तथा जांच के दौरान आये तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबिर की सूचना के आधार पर ज्ञात हुआ कि उक्त दिनदहाड़े लूट की घटना कारित करने वाले बदमाशों के हुलिया से मिलता जुलता एक बदमाश जनकगंज थाना क्षेत्र के जीवाजीगंज का रहने वाला है और कुछ ही समय पूर्व जेल से छूटा है। उक्त सूचना के आधार पर बदमाश के घर पर पुलिस टीम द्वारा दबिस दी गई तो वह नशे की हालत में मिला तथा उसके चोट भी लगी हुई थी। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर उसने बताया कि उक्त लूट की घटना उसने अपने एक अन्य साथी के साथ की गई है तथा चोट के संबंध में पूछने पर उसने बताया कि घर वापस आते समय शराब के नशे में स्कूटी रोड पर फिसल जाने से गिरने के कारण चोट लग गई थी। विस्तृत पूछताछ में उसने बताया कि लूट करने के बाद हम लोग उरवाई गेट पहुंचे जहां हमने लूटे गये पर्स को खेलकर देखा तो उसमें मोबाइल तथा सोने चांदी के आभूषण मिले, पर्स से सामान निकालकर खाली पर्स को हमने संतकृपाल सिंह आश्रम के पास एक प्लाट में फैक दिया था। उसके बाद हम दोनों ने बहोड़ापुर पर शराब पीकर स्कूटी से अपने घर की तरफ निकल गये थे। लूटा गया सारा सामान ठिकाने लगाने के लिये मैने अपने पास रख लिया था और स्कूटी मेरा साथी अपने साथ ले गया था। पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये लुटेरे से लूटे गये सोने चांदी के आभूषण जप्त किये गये तथा पकड़े गये लुटेरे की निशादेही पर उसके एक अन्य साथी को भी दबिस देकर पकड़ा गया, जिससे लूट की घटना में प्रयुक्त स्कूटी, एक मोबाइल जप्त कर उसकी निशादेही पर लूटा गया खाली पर्स संतकृपाल सिंह आश्रम के पास स्थित प्लाट से बरामद किया गया। पुलिस द्वारा पकड़े गये दोनों शातिर आरोपियों से शहर में



हुई अन्य लूट की घटनाओं के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जा रही है। पकड़े गये दोनों आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड की जानकारी लेने पर ज्ञात हुआ कि पकड़े गये दोनों आरोपियों के विरूद्ध शहर के विभिन्न थानों में गंभीर किस्म के एक दर्जन से अधिक अपराध पंजीबद्ध हैं।

ज्ञात हो कि दिनांक 08.05.2022 को फरियादिया मधु वर्मा ने थाने इन्दरगंज रिपोर्ट की थी कि वह अपने पति के साथ सराफा बाजार स्थित अग्रवाल ज्वैलर्स से जेवर खरीदकर अपने काले रंग के पर्स में रख कर वहां से अपने घर के लिये एक्टिवा से अपने पति के साथ निकली थी। पर्स को मैने अने हाथ में पकड़ रखा था। जैसे ही हम लोग होटल क्लार्क इन स्वीट्स के सामने पहुंचे तो पीछे से स्कूटी पर सवार दो अज्ञात लड़के आ रहे थे उनमें से पीछे बैठे लड़के ने झपट्टा मारकर चलती गाड़ी से मेरा पर्स छीनकर भाग गये, जिसमें एक जोड़ी सोने की झुमकी, एक जोड़ी बाली, एक पुराना इस्तेमाली मंगलसूत्र, एक जोड़ी चांदी की पायल तथा एक जोड़ी चांदी के बिछिया एवं एक एमआई कम्पनी का मोबाइल फोन कुल कीमती 96 हजार रूपये का था। फरियादिया की रिपोर्ट पर थाना इन्दरगंज में अज्ञात दो लुटेरों के खिलाफ अप0क्र0 257/22 धारा 392 भादवि 11/13 एमपीडीपीके एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**जप्त मशरूका:** एक मोबाइल एवं एक जोड़ी सोने की झुमकी, एक जोड़ी बाली, एक पुराना इस्तेमाली मंगलसूत्र, एक जोड़ी चांदी की पायल तथा एक जोड़ी चांदी के बिछिया कुल कीमती 96 हजार रूपये तथा घटना में प्रयुक्त स्कूटी।

**सराहनीय भूमिका:** उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी इन्दरगंज निरीक्षक अनिल सिंह भदौरिया, थाना प्रभारी ग्वालियर निरीक्षक अलोक परिहार, उप निरीक्षक घर्मेश दांगी, दिनेश सिंह, सउनि नरेन्द्र सिंह भदौरिया, विजय राजपूत, राजकुमार राजावत, प्र.आर. राजेश तोमर, जितेन्द्र कुमार, घनश्याम जाट, हेमन्त, राजकुमार राठौर, आर0 सोनू गुर्जर, विद्याचरण शर्मा, नवीन पाराशर, सौरभ शर्मा, पुष्पेन्द्र सिंह, भुवनेश्वर जादौन, अर्जुन सिकरवार, धर्मेन्द्र सिकरवर, लोकेन्द्र तोमर, अनूप जाट, आर. चालक बृजेश शाक्य की सराहनीय भूमिका रही।*थाना ठाटीपुर पुलिस ने एक शातिर नकबजन को 06 लाख 30 हजार रूपये नगद, व 02 सोने की अंगूठी सहित किया गिरफ्तार।

## संक्षिप्त समाचार

### जीडीए ने निगमायुक्त को सौंपा दो कॉलोनियों के हस्तांतरण के लिए 1 करोड 84 लाख 73 हजार 9 सौ रुपए के चेक

ग्वालियर । ग्वालियर विकास प्राधिकारण द्वारा शहर में विकसित की गई विभिन्न कॉलोनियों के तेजी से विकास के लिए प्राधिकरण की 5 प्रमुख कॉलोनियों के नगर निगम में हस्तांतरण को लेकर सहमति बन गई है। वहीं आज सोमवार को नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल को सीईओ जीडीए श्री के के गौर ने दो कॉलोनियों के हस्तांतरण के लिए विकास शुल्क राशि 1 करोड 84 लाख 73 हजार 9 सौ रुपए के चेक प्रदान किये। इस अवसर पर संभागीय आयुक्त एवं प्रशासक श्री आशीष सक्सैना मुख्य रुप से उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि ग्वालियर विकास प्राधिकारण द्वारा शहर में विभिन्न कॉलोनियों का विकास किया गया है। जिसमें शताब्दीपुरम योजना फेस-1, शताब्दीपुरम योजना फेस-2, लोहामंडी कबाडी मार्केट एवं दाल बाजार तथा यातायात नगर आवासीय, पीताम्बरा एवं विन्ध्यचल गृह निर्माण सह. समिति, पत्रकार कॉलोनी, महादजी नगर के नगर निगम में हस्तांतरण को लेकर सहमति बन गई है। जिसके चलते आज सोमवार को लोहामंडी कबाडी मार्केट एवं दाल बाजार तथा यातायात नगर आवासीय, पीताम्बरा एवं विन्ध्यांचल गृह निर्माण सह. समिति के लिए 1 करोड 2 लाख रुपए एवं पत्रकार कॉलोनी के लिए 82 लाख 73 हजार 900 रुपए विकास राशि नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल को सीईओ जीडीए श्री के के गौर ने कुल विकास शुल्क राशि 1 करोड 84 लाख 73 हजार 9 सौ रुपए के चेक प्रदान किये।

### आंगनबा?ी कार्यकर्ता व सहायिका के पदों की पूर्ति के लिये अनंतिम चयन सूची जारी

**दावे एवं आपत्तियां 17 मई तक दर्ज कराए जा सकेंगे**

ग्वालियर। एकीकृत बाल विकास परियोजना शहरी क्र.-3 के अंतर्गत दो आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं एक आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों की पूर्ति के लिये अनंतिम चयन सूची जारी कर दी गई है। इस सूची के संबंध में 17 मई 2022 तक दावे एवं आपत्तियाँ परियोजना कार्यालय में दर्ज कराई जा सकती हैं। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना शहरी क्र.-3 से प्राप्त जानकारी के अनुसार खण्ड स्तरीय चयन समिति के अनुमोदन उपरांत यह अनंतिम चयन सूची जारी की गई है। परियोजना के आंगनबाड़ी केन्द्र बस्ती गोदाम क्रमांक-2 में सुश्री कीर्ति व ठाठीपुर गाँव आंगनबाड़ी केन्द्र में रिक्त कार्यकर्ता पद की पूर्ति के लिये अनंतिम चयन सूची में सुश्री रागिनी यादव का चयन हुआ है। इसी तरह खण्ड स्तरीय समिति द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र तृप्ति नगर के सहायिका के पद के लिये सुश्री माया का नाम अनंतिम चयन सूची में रखा गया है। इस अनंतिम चयन सूची के संबंध में परियोजना कार्यालय में दावे व आपत्तियां प्रस्तुत की जा सकती हैं। अनंतिम चयन सूची भी इसी कार्यालय में देखी जा सकती है।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना

### नगर निगम सहित जिले की सभी पंचायतों में होंगे सामूहिक विवाह सम्मेलन

**सामूहिक विवाह सम्मेलन की तिथियाँ निर्धारित**

ग्वालियर। जिले में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत मौजूदा माह में नगर निगम ग्वालियर सहित जिले के सभी विकासखण्डों में सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किए जायेंगे। सामूहिक विवाह सम्मेलनों की तिथियाँ निर्धारित कर दी गई हैं। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने सामूहिक विवाह सम्मेलनों की तिथियों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए हैं, जिससे अधिकाधिक जरूरतमंद परिवार अपनी कन्याओं का विवाह करा सकें। संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय श्री राजीव सिंह ने बताया कि नगर निगम ग्वालियर के तत्वावधान में 31 मई को सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन होगा। इसी तरह नगर पालिका डबरा, जनपद पंचायत मुरार, डबरा व भितरवार में भी 31 मई को सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित होंगे। जनपद पंचायत घाटीगाँव के अंतर्गत 26 मई को सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सामूहिक विवाह सम्मेलन का व्यापक प्रचार-प्रसार कर विवाह के लिये आवेदन प्राप्त करें। साथ ही इसकी जानकारी प्रतिदिन संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण को भी दी जाए। ज्ञात हो मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत सामूहिक विवाह सम्मेलनों में विवाह करने पर प्रदेश सरकार द्वारा 55 हजार रूपए की आर्थिक सहायता दी जाती है।

### छात्रवृत्ति आवेदन के लिये एक और अवसर

**अजजा के विद्यार्थी 9 से 13 मई तक एमपी टास पोर्टल पर भर सकते हैं फॉर्म**

ग्वालियर। अनुसूचित जन जाति (अजजा) के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करने का एक और मौका मिला है। अजजा के जो विद्यार्थी जनजाति कार्य विभाग के एमपी टास पोर्टल पर अभी तक छात्रवृत्ति के लिये आवेदन फॉर्म नहीं भर पाए हैं वे इस पोर्टल पर 9 से 13 मई तक अपने फॉर्म भर सकेंगे।

# अवैध कॉलोनियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज न कराने वाले जेडओ पर कराएँ एफआईआर

### अंतरविभागीय समन्वय बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने दिए निर्देश

### अवैध कॉलोनी काटने वाले कॉलोनाइजर पर एफआईआर न कराने वाले जेडओ

### भू-माफियाओं के मददगार माने जायेंगे



ग्वालियर। नगर निगम के ऐसे सभी जेडओ (क्षेत्रीय अधिकारी) एवं भवन निरीक्षकों को भू-माफियाओं का मददगार मानकर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाए, जो अवैध कॉलोनी काटने वाले कॉलोनाइजर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने में आनाकानी कर उनकी अप्रत्यक्ष रूप से मदद कर रहे हैं। इस आशय के निर्देश कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने अंतरविभागीय समन्वय बैठक में जिले के सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारियों को दिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि अवैध निर्माण ध्वसत करना ही पर्याप्त नहीं है, अवैध कॉलोनी विकसित करने वाले कॉलोनाइजर के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई जाए।

सोमवार को यहाँ कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित हुई बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने एंटी माफिया अभियान को और गति देने के निर्देश सभी एसडीएम को दिए। उन्होंने कहा कि जो भू-माफिया छुपने के लिये शहर छोड़कर बाहर चले गए हैं, उनकी परिसम्पत्तियाँ विधिवत जब्त करें। कलेक्टर ने कहा माफियाओं के खिलाफ इतनी कठोर कार्रवाई हो, जिससे कोई और इस प्रकार के अवैध धंधे करने की जुर्रत न कर सके। उन्होंने एंटी माफिया अभियान के तहत अनुविभागबार हुई कार्रवाई की विस्तार से समीक्षा की।

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष तिवारी एवं अपर जिला दण्डाधिकारी एच बी शर्मा सहित विभिन्न विभागो के जिला स्तरीय अधिकारी एवं जिले के अनुविभागीय दण्डाधिकारी मौजूद थे।

**शहर के फुटपाथों व सड़कों पर अनाधिकृत हाथ ठेले खड़े न होने दें**

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने बैठक में मौजूद नगर निगम के उप आयुक्त को निर्देश दिए कि शहर के मुख्य मार्गों की सड़कों व फुटपाथ पर हाथ ठेला व फड़ लगाने की प्रवृत्ति को रोका जाए। उन्होंने कहा हाथ ठेलों को संवेदनशीलता के साथ दूसरी जगह व्यवस्थित कराएँ, जिससे उनका व्यापार प्रभावित न हो। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि बाजार बैठकी की रसीद उन्हीं बाजारों के लिये काटी जाए जो फड़ लगाकर या हाथ ठेला से व्यापार करने के लिये अधिकृत हैं।

### ई-ऑफिस प्रणाली से ही भेजी जाएँ फायलें

अंतरविभागीय समन्वय बैठक में कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अब ई-ऑफिस प्रणाली के तहत ही विभागीय फायलें कलेक्ट्रेट भेजें। आगामी एक जून से मैन्युअल फायलें स्वीकार नहीं की जायेंगीं।

### सीएम हैल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में और तेजी लाने पर जोर

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने सीएम हैल्पलान की शिकायतों के निराकरण में और तेजी लाने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा जिन विभागों के अधिकारी निराकरण में ड़िलाई बरतेंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

### डेंगू उन्मूलन की दिशा में सघन जाँच एवं लार्वा विनिष्टीकरण अभियान एम्बेड टीम व मलेरिया विभाग की टीम द्वारा शहर में चलाया जा रहा हैं



ग्वालियर। जिसके तहत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. मनीष शर्मा मार्गदर्शन में टीम द्वारा घर घर मच्छर के लार्वा की जाँच व विनिष्कीटीकरण की कार्यवाही की जा रही है और लोगों को घर घर जा कर मच्छर न पनपने देने की समझाईश दी जा रही हैं इसी क्रम में आज से प्रारंभ डेंगू दिवस पखवाड़े के तहत शहर के वार्ड 51, 55, 65, 53,54 में सर्वे कर लोगों को डेंगू मुक्त ग्वालियर बनाने की शपथ भी दिलाई गयी और इस दौरान 1500 घरों के 8000 कंटेनर की जाँच कर व दवा डाल लार्वा मुक्त करने की कर्यवाही की गयी।

## जिले के सभी विकासखण्डों में गठित होंगे एफपीओः श्री तिवारी

### जिला पंचायत सीईओ ने बैठक लेकर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



ग्वालियर। जिले के चारों विकासखण्डों में भारत सरकार की योजना के तहत किसानों के लिये एफपीओ (कृषि उत्पादक संगठन) गठित किए जायेंगे। इसकी तैयारियां जारी हैं। इस सिलसिले में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष तिवारी ने सोमवार को संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में कृषि अधोसंरचना फंड योजना के तहत किए जाने वाले कार्यों की भी विस्तार से समीक्षा की।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री तिवारी ने भरोसा दिलाया कि कृषि उत्पादक संगठन गठित करने में जिला पंचायत व जिला प्रशासन से हर संभव मदद दी जायेगी। उन्होंने कहा कि किसानों की प्रगति में कृषि उत्पादक संगठनों की अहम भूमिका होगी। इसलिये इस काम को जल्द से जल्द मूर्तरूप देने में विभागीय अधिकारी मदद करें। उन्होंने एग्रीकल्चर इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड के तहत हो रहे कार्यों को गति देने और अब तक हुए कार्यों की भी विस्तार से समीक्षा की।

बैठक में उप संचालक कृषि श्री एम के शर्मा, कृषि विज्ञान केन्द्र समन्वयक, उप संचालक पशु चिकित्सा, उप आयुक्त सहकारिता, परियोजना निदेशक आत्मा, सहायक संचालक उद्यानिकी, जिला परियोजना प्रबंधक राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन एवं जिला प्रबंधक नाबार्ड सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## कंट्रोल कमाण्ड सेंटर में एकत्र हो रही जानकारी का उपयोग शहर में सुविधाओं के विस्तार के लिये हो : सीईओ स्मार्ट सिटी

**कंट्रोल कमाण्ड सेंटर का सीईओ स्मार्ट सिटी ने किया अवलोकन.... संचालित सेवाओ को और अधिक विस्तार देने के लिये दिये जरुरी दिशा निर्देश**



ग्वालियर। ग्वालियर स्मार्ट सिटी के कंट्रोल कमांड सेंटर से संचालित होने वाली कई सेवाओ की कार्यविधी व प्रगतिरिपोर्ट को जानने के उद्देश्य से सोमवार को ग्वालियर स्मार्ट सिटी सीईओ श्रीमती नीतू माथुर नें कंट्रोल कमांड सेंटर का निरिक्षण किया और यहाँ से संचालित होने वाली सेवाओ की कार्यविधी के बारे में विस्तार से जाना। श्रीमती माथुर नें कंट्रोल कमांड सेंटर से संचालित सेवाओ में विस्तार करने को लेकर भी कार्यरत कर्मियो को दिशानिर्देश दिये। निरिक्षण के दौरान स्मार्ट सिटी के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

कंट्रोल कमाण्ड सेंटर की समीक्षा के दौरान स्मार्ट सिटी सीईओ श्रीमती नीतू माथुर ने कहा कि सेंटर का उपयोग अन्य विभागों के लिये किस प्रकार उपयोगी हो सकता है उस पर भी कार्य किया जाए। विभिन्न प्रोजेक्टों और योजनाओं के क्रियान्वयन में कंट्रोल कमाण्ड सेंटर अपनी सार्थक भूमिका निभाए, इस दिशा मे विशेष प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा स्मार्ट सिटी का कंट्रोल कमाण्ड सेंटर ग्वालियर के लिये एक बड़ी सौगात है।




स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478